
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया





# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा

वर्ष-11 अंक-27 | प्रयागराज, रविवार 03 जुलाई 2022 से शनिवार 09 जुलाई 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये

सिनेमाः उदयपुर की घटना की निंदा : श्रुति...8)

## ब्रीफ न्यूज

### माई का बाग पुल का मरम्मत कार्य पूरा

**मंगला (चंबा)।** जिला मुख्यालय को ग्राम पंचायत मंगला के साथ जोड़ने वाले लकड़ी के पुल की मरम्मत कर दी गई है। इससे अब हादसों का खतरा नहीं रहेगा। अमर उजाला समाचार पत्र में प्रमुखता के साथ ग्रामीणों की ज्वलंत मांग को प्रकाशित करने के बाद सदर विधायक के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग ने तत्परता से कार्य करते हुए पुल के टूटे फट्टे बदल दिए हैं। पुल की मरम्मत होने से ग्राम पंचायत मंगला और बख्तपुर के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों राज कुमार, शक्ति प्रसाद, तिलक राज, सुधीर कुमार और बबलू कुमार ने बताया कि इस पुल की हालत काफी खराब थी। ऐसे में हर समय हादसे का अंदेशा बना रहता था। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुल से लोग काफी संख्या में आवाजाही करते हैं। किसान अपनी सब्जियां आदि लेकर भी यहीं से गुजरते हैं। बहरहाल अब पुल की हालत को दुरुस्त कर दिया है। इसके लिए लोगों ने लोक निर्माण विभाग का आभार जताया है।

### प्रदेश की सड़कों पर कहर बनकर टूटा मानसून, आज चार जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**हिमाचंल।** प्रदेश में मानसून सड़कों पर कहर बनकर टूट रहा है। शनिवार को चमोली जिले के सिरोहबगड़ में सक्रिय भूस्खलन जोन में हाईवे दिनभर खुलता और बंद होता रहा। वहीं आज प्रदेश के चार जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी है। राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं हल्की बर्फबारी के साथ मैदानी क्षेत्रों में शनिवार को अधिकतर जगह झमाझम बारिश हुई। वहीं, रविवार (आज) को प्रदेश के पहाड़ी जिलों में तीव्र बौछार और गर्जन के साथ बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र से शनिवार को जारी बुलेटिन के मुताबिक, रविवार को उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। वहीं, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में हल्की से मध्यम व गर्जन संग बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, प्रदेश के बाकी जिलों में भी कहीं-कहीं इसी तरह की बारिश की संभावना जताई गई है। केंद्र ने दून, नैनीताल, चंपावत और बागेश्वर जिलों में कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। चारधाम मार्ग खुला, 169 सड़कें बंद प्रदेश में शुक्रवार देर रात तक बंद 112 सड़कों में से 26 सड़कों को खोल दिया गया है ।

## भाजपा के राहुल नार्वेकर बने स्पीकर, जानें शिंदे गुट और शिवसेना को कितने मिले वोट

**महाराष्ट्र ।** विधानसभा के स्पीकर के चुनाव में भाजपा नेता राहुल नार्वेकर जीत गए हैं। इस जीत को शिंदे गुट के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। वहीं विपक्ष के राजन साल्वी को हार का सामना करना पड़ा है। महाराष्ट्र में चल रहे सियासी घमासान के बीच शिंदे गुट को एक और बड़ी इजीत मिल गई है। दरअसल, स्पीकर पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राहुल नार्वेकर जीत गए हैं और उन्हें विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया है। उन्हें 164 वोट मिले हैं। वहीं विपक्ष के उम्मीदवार राजन साल्वी चुनाव हार गए हैं। उन्हें केवल 107 वोट मिले हैं।




## अमरावती पुलिस ने केमिस्ट की हत्या को दबाया, उदयपुर जैसी वारदात को लेकर सांसद राणा का गंभीर आरोप

**उदयपुर।** अमरावती में उमेश कोल्हे की हत्या 21 जून को गला रेत कर की गई थी। उस वक्त वह अपनी दुकान से घर जा रहे थे, तभी बीच रास्ते में बाइक पर आए हमलावरों ने उनका गला काट दिया था। राजस्थान के उदयपुर में एक टेलर का गला रेतने के करीब हफ्ते भर पहले महाराष्ट्र के अमरावती में भी इसी तरह केमिस्ट उमेश कोल्हे की हत्या हुई थी। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद अब यह मामला तूल पकड़ रहा है। केंद्र ने जहां इसकी भी एनआईए जांच के आदेश दे दिए हैं, वहीं अमरावती की सांसद नवनीत राणा ने इस मामले में पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अमरावती में उमेश प्रहलादराव कोल्हे (54) की हत्या 21 जून को गला रेत कर की गई थी। उस वक्त वह अपनी दुकान से घर जा रहे थे, तभी बीच रास्ते में बाइक पर आए हमलावरों ने उनका गला काट दिया था। हमलावरों ने इसका भी वीडियो बनाकर वायरल किया था। यह वारदात अमरावती के घंटाघर के पास श्याम चौक पर हुई थी। सांसद राणा ने आरोप लगाया कि अमरावती की पुलिस आयुक्त डॉ. आरती सिंह ने मामले को दबाने की कोशिश की। राणा ने कहा कि हमने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा और उन्होंने इस मामले की जांच एनआईए को सौंपने का आदेश दिया। पुलिस आयुक्त आरती सिंह ने मानी उदयपुर जैसे हत्याकांड की बात केमिस्ट कोल्हे की हत्या के 12 दिन बाद अमरावती की पुलिस आयुक्त ने मीडिया के समक्ष माना कि यह मामला भी उदयपुर हत्याकांड जैसा है। यह वारदात भी नुपुर शर्मा पक्ष में पोस्ट करने से संबंधित है। सांसद राणा ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि 12 दिनों के बाद पुलिस आयुक्त घटना पर स्पष्टीकरण दे रही हैं। पहले उन्होंने कहा था कि यह लूट की वारदात से जुड़ा मामला है। लूट बताकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया। राणा ने अमरावती की पुलिस आयुक्त की भी इस मामले में जांच की मांग की।



## केमिस्ट की हत्या को एनआईए ने माना आतंकी कृत्य, रहबर समूह से है कनेक्शन

**नई दिल्ली ।** अमरावती पुलिस ने पहले इसे लूट की घटना मानते हुए हत्या माना था, लेकिन एनआईए की एफआईआर से स्पष्ट हुआ है कि उमेश कोल्हे से कुछ नहीं लूटा गया था उदयपुर और अमरावती में हुई हत्याएं आईएसआईएस की स्टाइल में होने का शक गहरा रहा है। अमरावती में 21 जून को हुई केमिस्ट उमेश कोल्हे की हत्या के मामले में बीती रात नागपुर से एक सरगना को गिरफ्तार किया गया है। वह रहबर समूह से जुड़ा बताया गया है। केमिस्ट की हत्या को लेकर एनआईए ने जो एफआईआर दर्ज की है, उसमें आतंकी कृत्य मानते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से जांच की बात कही गई है। वहीं, अमरावती पुलिस ने इसे आतंकी संगठन आईएसआईएस की स्टाइल में की गई हत्या माना है। अमरावती पुलिस ने पहले इसे लूट की घटना मानते हुए हत्या माना था, लेकिन एनआईए की एफआईआर से स्पष्ट हुआ है कि उमेश कोल्हे से कुछ नहीं लूटा गया था। एनआईए इस बात की भी जांच करेगा कि यह किसी राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा है क्या इसके तार विदेश से जुड़े हैं एनआईए का कहना है कि इसका मकसद देश में एक वर्ग के लोगों को दहशतजदा करना था। अमरावती की पुलिस निरीक्षक नीजिमा अराज ने बताया कि उन्हें हत्याकांड के सरगना को बीती रात नागपुर से गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ की जा रही है। इनका एक हेल्पलाइन ग्रुप-रहबर ग्रुप है। कई लोग उससे जुड़े हैं। अब तक सात आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद और भी गिरफ्तार किए जा सकते हैं। मामले में उमेश कोल्हे के पुत्र की शिकायत पर यूएपीए कानून की धारा 16, 18 और 20, भादंवि की धारा 302, 120 153 153 के तहत केस दर्ज किया गया है। उमेश कोल्हे की 21 जून को अमरावती में तीन बाइक सवार हमलावरों ने गला रेतकर आईएसआईएस स्टाइल में हत्या कर दी थी। इसके बाद 28 जून को उदयपुर में भी इसी तरह कन्हैया लाल साहू की हत्या कर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया गया था। इससे देश स्तब्ध रह गया था। आरोपियों में शामिल युसूफ मृतक उमेश का दोस्त थाः महेश कोल्हे केमिस्ट उमेश कोल्हे के भाई महेश कोल्हे ने बताया कि उन्हें पुलिस नोट से पता चला कि भाई की हत्या नुपुर शर्मा मामले में उनकी पोस्ट को लेकर की गई है। गिरफ्तार आरोपी युसूफ खान उमेश का अच्छा दोस्त था। युसूफ पशु चिकित्सक है और हम उसे 2006 से जानते हैं। महेश कोल्हे ने कहा कि हत्या का सरगना गिरफ्तार हो गया है, इसलिए जांच अब तेजी से आगे बढ़ सकती है। हम मांग करते हैं कि मामला फास्टट्रेक कोर्ट में चलाया जाए और दोषियों को अधिकतम सजा दी जाए। महेश ने कहा कि जांच एनआईए को सौंपे जाने से हमें संतोष है कि मामला जल्द सुलझ सकेगा और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सकेगा।




## सड़क पर मलबे में पांच घंटे फंसी बस

**कुल्लू।** जिला कुल्लू में मानसून ने दस्तक दे दी है। कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश के बीच भी सफर करना मुश्किल हो गया है। जिलाभर में शनिवार तड़के बारिश हुई, जिससे सड़क पर बारिश के कारण मलबा, पत्थर आने से राणाबाग-काड़ीबाग-बलेहड़ सड़क पर पांच घंटे तक बस फंसी रही। कैंशल शिल्ह जगह पर बारिश से मलबा आने से करशाला बस सुबह 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक फंसी रही। हल्की बारिश ने लोक निर्माण विभाग की तैयारियों की पोल खोल दी है। मलबे को हटाने में पांच घंटे लगे। बस में कई सरकारी कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद थे, जो फंसे रहे। राणाबाग-काड़ीबाग-बलेहड़ सड़क पर पहाड़ी से पत्थर गिरने और निगम के बस चालक को भारी परेशानी से गुजरना पड़ा। एक दशक पुरानी सड़क अभी भी पक्की नहीं हो पाई है। सड़क पर निकासी न होने से बारिश का पूरा पानी सड़क पर बहता रहा। बस में बैठे स्कूल व कॉलेज के विद्याथिर्यों को बस से उतर सड़क पर पत्थरों को हटाना पड़ा। खेम राज, टेक सिंह, पूर्ण चंद, बेली राम, कुमार सिंह तथा निका राम ने कहा कि शनिवार सुबह हुई बारिश से राणाबाग-काड़ीबाग-बलेहड़ सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे पड़ गए हैं। क्षेत्र के सैकड़ों बागवानों को भी सड़क ही हालत को देखकर चिंता सताने लगी है। उन्होंने कहा कि सड़क की जल्द टारिंग की जाए और गड्ढों को जल्द भरा जाएगा। उधर, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ज्ञान भारती ने कहा कि बस टारिंग की प्रक्रिया विभाग ने शुरू कर दी है।



## दिल्ली के प्रिंटिंग प्रेस के एक कर्मचारी ने लीक किया था पुलिस भर्ती का पेपर.......

**नई दिल्ली ।** 91 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा का पेपर लीक मामले में 70 अभ्यथिर्यों और 20 दलालों समेत 91 लोगों के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। इसकी पुष्टि मामले की जांच कर रही एसआईटी के प्रमुख मधुसूदन शर्मा ने की है। पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा का पेपर दिल्ली के प्रिंटिंग प्रेस के एक कर्मचारी (पेपर कटर) सुधीर ने लीक किया था। गगल पुलिस थाना की ओर से कांगड़ा कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में इसका जिक्र किया गया है। शुक्रवार को 70 अभ्यथिर्यों और 20 दलालों समेत 91 लोगों के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। पेपर देने वाले एक अभ्यर्थी के पिता को भी इसमें आरोपी बनाया गया है। इसकी पुष्टि मामले की जांच कर रही एसआईटी के प्रमुख मधुसूदन शर्मा ने की है। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल करने के बाद इसका प्रेस नोट भी जारी किया। मधुसूदन के अनुसार चार्जशीट में एनसीआर (दिल्ली) में स्थित प्रिंटिंग प्रेस के पेपर कटर सुधीर को मास्टरमाइंड बताया है।इसमें बताया गया है कि सुधीर ने बिहार में अपनी जान-पहचान वाले को पेपर व्हाट्स पर भेज दिया। इसके बाद यह पेपर कई गिरोहों के हाथ लग गया, जिसके बाद दलालों ने पेपर को तीन लाख से आठ लाख रुपये तक बेचा गया। गौर हो कि पुलिस कांस्टेबलों के 1,334 पदों की भर्ती के लिए 27 मार्च को लिखित परीक्षा हुई थी। 5 अप्रैल को परिणाम घोषित हुआ। प्रदेशभर में 81 परीक्षा केंद्रों में पेपर हुआ था।




## उद्धव ठाकरे को एक और झटका विधानसभा में शिवसेना का दफ्तर सील

**महाराष्ट्र।** विधानसभा के आज से शुरू होने वाले विशेष सत्र के पहले परिसर में स्थित शिवसेना विधायी दल का दफ्तर सील कर दिया गया। दफ्तर के बाहर मराठी भाषा में लिखा नोटिस चस्पा किया गया है। शिवसेना के स्पीकर प्रत्याशी राजन साल्वी विधान परिषद के उप सभापति निलम गोन्हे के ऑफिस में बैठे हैं। नोटिस में लिखा गया है कि यह कार्यालय शिवसेना विधायी दल के निर्देश पर सील किया गया है। आज ही महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर का चुनाव होगा। यह शिवसेना व बागी शिंदे गुट के बीच पहला शक्ति परीक्षण होगा। विधानसभा में स्पीकर का पद एक साल से रिक्त है। उद्धव व शिंदे गुट आमने-सामने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव में एक बार फिर शिवसेना के दोनों गुट आमने-सामने हैं। शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने राजन सालवी को उम्मीदवार बनाया है तो भाजपा की तरफ से युवा नेता और पहली बार विधायक चुने गए राहुल नार्वेकर ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। इस चुनाव में शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की तरफ से व्हिप जारी किया गया है। लेकिन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, यह हम पर लागू नहीं होता। शिवसेना ने जारी किया व्हिप सूबे में सत्ता परिवर्तन के बाद बुलाए गए दो दिवसीय विधानसभा के विशेष सत्र से पहले शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे खेमे की तरफ से सचेतक सुनील प्रभु ने व्हिप जारी कर दिया है। व्हिप में कहा है, विधानसभा का विशेष सत्र 3-4 जुलाई को है। विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए राजन सालवी उम्मीदवार हैं। इस दौरान शिवसेना के सभी सदस्य सदन में मौजूद रहें। नार्वेकर को अग्रिम बधाई वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने कहा, हम विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव के लिए व्हिप जारी करेंगे। मजे की बात यह है कि दोनों गुट (ठाकरे और शिंदे) शिवसेना के सभी विधायकों के वोट के दावे कर रहे हैं। शनिवार को शिंदे गुट के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने गोवा में पत्रकारों से कहा, भाजपा के विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राहुल नार्वेकर को अग्रिम बधाई देता हूं क्योंकि वे राज्य के सबसे युवा विधानसभा अध्यक्ष होंगे। विधायकों को व्हिप जारी करने के सवाल पर उन्होंने कहा, दूसरे पक्ष को सुप्रीम कोर्ट ने कोई राहत नहीं दी है। इसलिए सचेतक भरत गोगावले व्हिप जारी करेंगे लेकिन, आदित्य ठाकरे समेत उद्धव गुट के 16 विधायकों की सदस्यता खत्म नहीं की जाएगी।




## एचपीयू इस सत्र से क्रेडिट के आधार पर देगा पीजी की डिग्री

**नई दिल्ली ।**अकादमिक काउंसिल की बैठक में लाया जाएगा प्रस्तावहिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) सनतक (यूजी) के बाद अब सनतकोत्तर (पीजी) की डिग्री भी अंकों के नहीं, बल्कि क्रेडिट के आधार पर देगा। शैक्षणिक सत्र 2022-23 से ही विश्वविद्यालय इस नई क्रेडिट प्रणाली को लागू करने जा रहा है। पीजी की दो साल की पढ़ाई में न्यूनतम सौ क्रेडिट लेने पर ही डिग्री मिलेगी। 19 जुलाई को होने वाली विश्वविद्यालय अकादमिक काउंसिल की बैठक में यह प्रस्ताव लाया जा रहा है। अकादमिक काउंसिल में तय होने के बाद कार्यकारिणी परिषद (ईसी) की बैठक में इसी माह प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी दिलाने की तैयारी है। यह सिस्टम नई शिक्षा नीति को लागू करने का भी आधार बनेगा। क्रेडिट बेस्ड सेमेस्टर सिस्टम के लिए विश्वविद्यालय ने तैयारियां भी पूरी कर ली हैं। विवि अभी च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू नहीं कर रहा है। विश्वविद्यालय में वर्तमान में संचालित किए जा रहे सभी पीजी कोर्स में यह व्यवस्था लागू होनी है। सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी को भी यह सिस्टम लागू करना पड़ेगा। देश भर के अधिकतर विश्वविद्यालयों ने क्रेडिट सिस्टम लागू कर दिया है। एचपीयू में यूजी डिग्री कोर्स में 2013 में लागू रूसा (सीबीसीएस) सेमेस्टर सिस्टम में रही खामियों के चलते इसे अब तक पीजी कोर्स में लागू नहीं किया जा सका। यूजी में भी विश्वविद्यालय को फिर से ईयर सिस्टम लागू करना पड़ा था। यह है क्रेडिट सिस्टम क्रेडिट बेस्ड सेमेस्टर सिस्टम में पीजी की डिग्री हासिल के लिए न्यूनतम सौ क्रेडिट लेने जरूरी होंगे, जबकि अधिकतम 120 क्रेडिट मिलेंगे। कोर और इलेक्टिव कोर्स में 48-48 क्रेडिट देने की व्यवस्था रहेगी। चार क्रेडिट माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट के छात्रों को देने की व्यवस्था रहेगी। हर सेमेस्टर में छात्र को सभी विषयों की परीक्षा में न्यूनतम 25 और अधिकतम 30 क्रेडिट देने का प्रावधान रहेगा। अभी तक पीजी डिग्री कोर्स में अंकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता रहा है। अब इसे पूरी तरह से क्रेडिट में बदल दिया जाएगा। सत्र 2022-23 से ही लागू होगा सिस्टम : प्रो. चंदेल एचपीयू के अधिष्ठाता अध्ययन प्रो. कुलभूषण चंदेल ने बताया कि सत्र 2022-23 से ही पीजी डिग्री कोर्स में क्रेडिट बेस्ड सेमेस्टर सिस्टम लागू किया जा रहा है। जल्द इस पर अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा। एचपीयू रीजनल सेंटर धर्मशाला ने पीजी काउंसलिंग के लिए 20 तक मांगे आवेदन प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र खनियारा, धर्मशाला ने विभिन्न पीजी डिग्री कोर्स में प्रवेश को होने वाली काउंसलिंग के लिए आवेदन का शेड्यूल जारी कर दिया है। 20 जुलाई तक छात्र आवेदन कर सकेंगे। पीजी कोर्स की प्रवेश परीक्षा के घोषित नतीजों में प्राप्तांक के आधार पर ही काउंसलिंग के लिए आवेदन फार्म भरे जाएंगे। क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक प्रो. डीपी वर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय केंद्र का प्रोस्पेक्टस और आवेदन फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलोड किए गए हैं।




### प्रतिभा सिंह ने महिलाओं को किया नमन............

**मनाली (कुल्लू)।** महिला सशक्तीकरण कांग्रेस पार्टी का सपना रहा है। महिला शक्ति को नमन है। मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद एवं कांग्रेस पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कांग्रेस वर्षों से कार्य कर रही है। वह जगतसुख में मनाली विधानसभा कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित महिला सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने महिलाओं से कहा कि आपको देखकर मैं गदगद हो गई हूं। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक महिला मंडलों की महिलाएं पहुंची। जनसभा के लिए चुना गया मेला मैदान छोटा पड़ गया। प्रतिभा सिंह ने कहा कि उपचुनाव में हर हलके में जाना संभव नहीं था। इसके बाद भी वह लोगों के आशीर्वाद से चुनाव जीतीं। कहा कि हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र के निधन के बाद वह दुख में थे। ऐसे में उन्होंने चारदीवारी में रोने के बजाय जनता की सेवा को चुना। उन्होंने कहा कि इस जनसभा में महिलाओं की संख्या को देखकर उन्हें अपना बचपन याद आ गया।वह ऐसा दौर था कि महिलाओं को ऐसी सभाओं में जाने की अनुमति नहीं थी। जहां मेले, उत्सव व ऐसे समारोह होते थे, वहां चारों तरफ झरोखे बनाए होते थे, जहां से महिलाएं सभा देखती थी। उन्हें बाहर जाने की अनुमति नहीं थी। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में अहम कदम उठाया।



# वाराणसी में कभी धूप तो कभी बादल के बीच बदल रहा मौसम, इस सप्ताह अच्छी बारिश होने के आसार

**वाराणसी।** तीन दिन से चल रही नम पुरवा हवाओं की वजह से मौसम में तेजी से बदलाव हुआ है। वाराणसी में आज सुबह का तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वाराणसी जिले में बीते दो-तीन दिन से कभी धूप तो कभी बादल के बीच मौसम बदल रहा है। तापमान में भी उतार-चढ़ाव बना है। लेकिन उमस के कारण थोड़ी परेशानी बढ़ी है। वाराणसी में आज में तेज धूप हो रहा है तो कभी बादल छा रहा है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार इस सप्ताह अच्छी बारिश होने के आसार हैं, जिससे तापमान में कमी आने के साथ ही लोगों को गर्मी से भी राहत मिलेगी। रविवार को सुबह मौसम साफ रहने के साथ ही दोपहर में नम हवाओं की रफ्तार थोड़ी कम रही। ऐसा लगा कि गर्मी एक बार फिर बढ़ेगी लेकिन शाम चार



सुबह का तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले रविवार को अधिकतम तापमान 37.6 जबकि शनिवार को 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा था। तीन दिन से चल रही नम पुरवा हवाओं की वजह से मौसम में तेजी से बदलाव हुआ है। कभी दिन बजे के बाद से ही आसमान में बादल छाने लगे और हवा भी चली तो थोड़ी राहत मिली। मौसम वैज्ञानिक एसएन पांडेय ने बताया कि इस सप्ताह तेज हवा के साथ ही रुक रुक कर अच्छी बारिश के आसार हैं।

# आखिरकार खुल गया नए कैथ लैब का बंद ताला, हृदय रोग विभाग के अध्यक्ष ने खोल रखा था मोर्चा

**वाराणसी।** बीएचयू अस्पताल के शताब्दी सुपरस्पेशियलिटी ब्लॉक में बने नए कैथ लैब पर पिछले तीन माह से बंद ताला आखिरकार सोमवार को खुल ही गया। इसके लिए हृदय रोग विभाग के विभागाध्यक्ष अस्पताल प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था। आईएमएस बीएचयू स्थित सर सुंदरलाल अस्पताल के हृदय रोग विभाग में आने वाले मरीजों की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी सहित हृदय रोग की सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं फिर से मिलने लगेंगी। ऐसा इसलिए कि बीएचयू अस्पताल प्रशासन की ओर से शताब्दी सुपरस्पेशियलिटी ब्लॉक में बने नए कैथ लैब पर पिछले तीन माह से बंद ताले को सोमवार को खोल दिया गया। एक ओर जहां सुपरस्पेशियलिटी ब्लॉक के कैथ लैब में ताला बंद था वहीं सर सुंदरलाल अस्पताल के कैथ लैब में 15 दिन से मशीन खराब होने से एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी बंद थी। इस वजह से मरीजों को बिना इलाज वापस होना पड़ रहा था। विभागाध्यक्ष ने दी थी मुकदमे की चेतावनी पिछले सप्ताह ही प्रेस कांफ्रेंस कर हृदय रोग विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओमशंकर ने बीएचयू अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक पर सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के कैथ लैब पर ताला बंद करने और मनमानी करने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे



जल्द से जल्द खोले जाने की बात कही थी। उन्होंने मांग पूरी न होने पर मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी भी दी थी इस बीच सोमवार दोपहर नए कैथ लैब का ताला खुल गया। इसके साथ ही यहां अन्य तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। अब मंगलवार से यहां सामान्य दिनों की तरह एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी हो सकेगी। बीएचयू हृदय रोग विभाग में बने कैथ लैब में वाराणसी के साथ ही गाजीपुर, बलिया, जौनपुर सहित आसपास के जिलों से हर दिन 15-20 मरीजों की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी होती है। अस्पताल के तीसरे तल पर बने कैथ लैब की मशीन पिछले 15 दिन से खराब पड़ी है। इस वजह से अब तक 300 से अधिक लोगों को वापस करना पड़ा। हालांकि हृदय रोग विभाग का एक कैथ लैब सुपरस्पेशियलिटी ब्लॉक के पांचवें तल पर बनकर तैयार था। इसका मार्च के तीसरे सप्ताह में उदघाटन भी हुआ लेकिन इसके बाद 24 मार्च से हीं यहां ताला बंद था। जो सोमवार को खुल गया प्रो. ओमशंकर ने कहा कि आखिरकार बीएचयू अस्पताल के एमएस को कैथ लैब कांपलेक्स का ताला खोलना ही पड़ा। यह मरीजों के जीवन जीने के मौलिक अधिकार की लड़ाई की जीत है। जब तक अस्पताल के कैथ लैब में नई मशीन नहीं आ जाती तब तक सुपरस्पेशियलिटी ब्लॉक के कैथ लैब में मरीजों की एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी होगी।

# रिश्तो की यह कैसी डोर अपने ही बहा रहें अपनों का खून कलयुगी सगा बेटा ही निकला बाप का बेरहम क़ातिल

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया।** सुना है कलियुग है,इंटरनेट की वजह से पूरी दुनिया एक ग्लोबल विलेज बन गई है और सभी लोगों का आपसी सम्पर्क बहुत जल्दी और दूरी कम हो गई है। नेट ने सबको नजदीक तो कर दिया परन्तु खूनी रिश्ते सफेद हो गए हैं।अभी तक यही देखते आ रहे थे कि जमीन-जायदाद,पैसे के लिए अपने सगे-सम्बन्धी अब खूनी रिश्ते की खून कर दुश्मन बन जाते हैं और मौत के यमराज बन उसे दुनिया से अलविदा तक कर देने से चुकते नही! यही नही कलयुग के दौर में खूनी रिश्ते भी बहुत कलंकित हो रहे हैं तथा छोटी-छोटी बातों पर एक दूसरे की जान लेने पर उतारू हैं। ऐसे ही एक हृदय विदारक घटना बलिया के सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के भाटी गांव के पुरवा अहिरपुरवा में सोमवार को लोगो को देखने-सुनने मिली जहा एक कलयुगी सगे बेटे ने ही अपने ही उधेड़ बाप को सम्पत्ति की लोभ मे गला रेत कर उसे मौत के घाट उतार दिया। बताया जाता है कि तड़के गला कटा एक अधेड़ का शव चारपाई पर मिलने से हड़कंप मच गया। थोड़ी ही देर में वहां लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।हत्या को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। घटना की मुख्य वजह लोग जमीन संबंधित विवाद बता रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले के सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र की अहिरपुरवा निवासी



लल्लन चौधरी (59) रविवार की शाम खाना खाने के बाद अपने भाई रामप्रवेश यादव के दरवाजे पर रोज की भांति सोने चले गए। रात में किसी समय इनकी गला काट कर हत्या कर दी गई। सोमवार की सुबह जब राम प्रवेश का परिवार सो कर उठा तो चारपाई पर लल्लन का सिर कटा शव पड़ा हुआ था। यह देख लोगों के होश उड़ गए। थोड़ी ही देर में यह बात जंगल में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गई। वहां परिजन भी पहुंच गए। महिलाएं दहाड़े मार कर रोने लगी। किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर हत्या कैसे हुई लेकिन अंदर ही अंदर लोगबाग एक दूसरे से हत्या की वजह जमीन को मान रहे हैं। इस हृदय विदारक घटना मे लोगों की माने तो मृतक लल्लन चौधरी के पिता बासुदेव चौधरी ने लल्लन चौधरी के छोटे पुत्र संजय चौधरी की पतने के नाम से 15 कट्ठा जमीन बैनामा कर दिया था। इसको लेकर लल्लन चौधरी के बड़े पुत्र अजय चौधरी व उसकी पतने नाराज चल रहे थे। आए दिन उस जमीन को लेकर दोनों परिवारों में झगड़ा होता रहता था। आखिरकार वही हुआ जो किसी को अंदेशा नहीं था और लल्लन चौधरी की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। आरोप उनके बड़े पुत्र व पुत्रवधू पर लग रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही फॉरेंसिक व एसओजी टीम के साथ-साथ खुद पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर मौके पर पहुंच गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा, प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, एसएचओ खेजुरी अखिलेश कुमार, चौकी प्रभारी मुरादी मिश्रा के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। वहीं, पुलिस ने अजय समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया। हालांकि अभी पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# विमल कुमार सिंह नए जिला प्रशिक्षण अधिकारी, वाराणसी का पदभार ग्रहण किया

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

**हरहुआ (वाराणसी)।** जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानन्द पुर वाराणसी में जिला प्रशिक्षण अधिकारी के पद पर विमल कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। पूर्व में क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, गाजीपुर में प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे। कार्यरत रहे जिला प्रशिक्षण अधिकारी दीनानाथ द्विवेदी का स्थानांतरण क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, अफीम कोठी, प्रतापगढ़ हुआ। आज विदाई समारोह में काव्य पाठ का आयोजन कर वाराणसी के वरिष्ठ कवियों ने गीतों के जरिये भावभीनी विदाई की। पूर्व डीडीओ सुल्तानपुर डॉ0 डीआर विश्वकर्मा ने अपने कार्यकाल में विदाई के अनुभवों को गीतों के द्वारा साझा किया। जहां डीटीओ दीनानाथ द्विवेदी ने कहा कि बनारस बना हुआ जीवंत नगरी है जहां लोंगो ने मेरे कवि होने के अंदाज में लघु कवि गोष्ठी के द्वारा प्यार जताया सदैव याद रहेगा। वहीं कार्यभार ग्रहण करते हुए नए डीटीओ विमल कुमार सिंह ने कहा कि कल तक मैं द्विवेदी जी के निर्देशन में कार्य कर रहा था जिन्होंने प्रशिक्षण की बारीकियां बताई आज से उस कुर्सी पर आसीन होकर जो जिम्मेदारिया सौंपकर जा रहे है उसकी मर्यादा को बचाते हुए ईमानदारी व पूर्ण निष्ठा के साथ अन्य पुराने सहकर्मियों के साथ करूंगा। नवनियुक्त जिला प्रशिक्षण अधिकारी का स्वागत सुरेश पाण्डेय, अमरनाथ द्विवेदी, राज्य प्रशिक्षक के0 एल0 पथिक, मुलायम सिंह यादव, रतन कुमार गौड़, सरफराज सहित कई लोगो ने किया।



# चिकित्सक देशहित में दायित्व निभाएं

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

**हरहुआ (वाराणसी)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए डॉक्टर्स डे पर एक संगोष्ठी का आयोजन दी हेल्थ सिटी एवम ट्रामा सेंटर सरायकजी में किया गया संगोष्ठी में पूर्वांचल के प्रख्यात न्यूरोसर्जन एवं दी हेल्थ सिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ0 राकेश सिंह द्वारा आम जनमानस को रोजमर्रा के जीवन मे ली जाने वाली सावधानियों और स्वस्थ जीवन शैली के लिए आवश्यक क्रिया कलापों के बारे में बताया। कहा कि रोग न हो, इसके लिए उचित आहार, नित्य योग एवं रोग के छोटे छोटे लक्षणों को नजरअंदाज न करने की प्रवृत्ति विकसित करना आवश्यक है। दी हैल्थसिटी हॉस्पिटल द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की प्रक्रिया में प्रत्येक शुक्रवार को निशुल्क ओ.पी.डी आयोजित की जाती है जिनमे निःशुल्क परामर्श एवं जांचो में छूट प्रदान की जाती है। इस अवसर पर डॉ सुनील कुमार सिंह (न्यूरोसर्जन), डॉ चंद्रशेखर (चेस्ट फिजिशियन) ने भी अपने विचार रखे। संस्थान के निदेशक विनय सिंह ने सभी चिकित्सकों को धन्यवाद दिया। अस्पताल बच्चों, वयस्कों एवं बुजुर्गी में न्यूरो व अन्य किसी भी तरह की समस्या से संबंधित रोगों के इलाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहेगा।

# डॉक्टर भगवान के दुसरे रूपों में पुजे जातें हैं अपनी सेवा दिल से निभाए डॉ अनिल यादव

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

**हरहुआ (वाराणसी)।** डॉक्टर सेवा को अपना धर्म मानकर जीवन भर इंसानों की सेवा करता है। ईश्वर एक बार जन्म देते हैं लेकिन बार-बार अमूल्य जानों को डॉक्टर बचाते हैं ,वह इंसान जो धरती पर भगवान कहलाते हैं। आपदा से लेकर कोरोना संक्रमण काल जैसी भयानक घटना ,महामारी सहित संकट के बीच मजबूती से अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए स्वस्थ करने में जुटे रहते हैं।आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर देश के महान चिकित्सक डॉ0विधान चन्द्र राय को नमन करते हुए इंसानियत के पुजारी चिकित्सकों के सेवा धर्म को दिल से थैंक यू करता हूं। उक्त बातें राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर ' न्यू लक्ष्मी हॉस्पिटल एवम ट्रामा सेंटर'सातो महुआ सरायकाजी ,हरहुआ में न्यूरो सर्जन डॉ0 विकास नागर ने चिकित्सक संग केक काटकर अपने सम्बोधन में व्यक्त की। अस्पताल के एमडी डॉ0 अनिल यादव (जनरल मेडिसिन) ने सभी चिकित्सकों का अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत करते हुए कहा कि डॉक्टर को देश के हर नागरिक को अपना सदस्य मानकर जरूरत के मुताबिक उनकी सेवा कर स्वस्थ्य बनाने का धर्म निभाएं।इस सेवा भावना में कोई सम्प्रदाय,राजनीति, जातिवाद,छुआछूत का असर नहीं होनी चाहिए। अन्य वक्ताओं में डॉ0 रणधीर सिंह (मुख रोग विशेषज्ञ ), डॉ0 यशवंत सिंह (एनेस्थेटिक) ,डॉ0 अभिषेक पांडेय (आर्थो सर्जन) ने कहा कि आज विकास के बढ़ते दौर में नई -नई बीमारियों को नए तकनीक व मशीनों के उपयोगिता की जानकारी डॉक्टर हासिल कर समाज व देश को मजबूती कम खर्चे व आसान तरीके से देने के दायित्व निभाये। अस्पताल में आज निःशुल्क जांच व दवाएं वितरित कर अस्पताल की ओर से लोगों में मिठाइ्यां वितरित की गई। राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर अस्पताल के नर्स, वार्ड व्याय ,सहयोगी कर्मी ,एरिया मैनेजर ने चिकित्सको का सम्मान माल्यार्पण कर करते हुए जीवन भर इंसानों की सेवा धर्म निभाने का संकल्प लिया। धान्यवाद राहुल यादव व संचालन संजय शर्मा ने किया।

# भारतीय रेल नवाचार नीति के तहत स्टार्ट अप को आकर्षित करने के लिए किये जारहे अथक प्रयास....

(आधुनिक समाचार सेवा)

**बलिय (वाराणसी)।** राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर भारतीय रेल ने स्टार्ट-अप और अन्य संस्थाओं की भागीदारी के माध्यम से नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की है।देश के रेल,संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने दिनांक 13.06.2022 को रेल भवन, नई दिल्ली में ठरेलवे के लिए स्टार्टअपठ को लॉन्च किया था।इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्टार्ट अप को रेलवे से जुड़ने का अच्छा अवसर मिलेगा। अशोक कुमार जनसंपर्क अधिकारी वाराणसी के




अनुसार इस कार्यक्रम के पहले चरण के लिए रेलवे के विभिन्न मंडलों, क्षेत्रीय कार्यालयों/जोनों से प्राप्त 100 से अधिक प्रॉबलम स्टेटमेंट में से 11 प्रॉबलम स्टेटमेंट जैसे रेल फ्रैक्चर, हेडवे कमी आदि को लिया गया है। इन्हें नवीन समाधान खोजने के लिए स्टार्ट अप के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। रेलमंत्री जी ने स्टार्टअप से इस अवसर का उपयोग करने का अनुरोध किया और उन्हें 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान, सुनिश्चित बाजार, स्केल और ईको सिस्टम के रूप में भारतीय रेलवे से समर्थन सुनिश्चित करने की बात भी कही। भारतीय रेलवे नवाचार नीति- रेलवे के लिए स्टार्टअप्स युवाओं के लिए यह एक अच्छा अवसर है,इसका उन्हें पूरा लाभ लेना चाहिए। संभावित स्टार्टअप की पहचान किये जाने और नीति को सभी हितधारकों विशेषकर युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाए जाने के रेलवे द्वारा अनेक कदम उठाया जा रहा है। इस अवसर का लाभ उठाकर युवाओं को आकर्षित करने और राष्ट्र के विकास में भागीदार बनने के लिए विभिन्न स्तरों पर बैठकों की योजना बना रहे हैं। भारतीय रेल स्टार्टअप के माध्यम से उनन्त तकनीक को अपनाकर गाढ़ी संचलन आने वाली चुनौतियों से निपटेगी। नई तकनीक के माध्यम से 11 मदों पर इनोवेटर रेलवे के विकास में योगदान दे सकेंगे।भारतीय रेल द्वारा लावइनोवेशन पोर्टलवेबसाइटॅ पर उपलब्ध है जिसमें दस नीति के बारे में सूचनायें दी गई है।इस पोर्टल के माध्यम से 30 जून 2022 से इच्छुक स्टार्टअप इनोवेटर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमी अनलाइन प्रस्ताव भेज सकेंगे।

# बाबा के धाम में आप कर सकेंगे शादी और मुंडन जैसे मांगलिक कार्य, जानिए क्या है प्लान

**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ को साक्षी मानकर, अगिन्देव के सात फेरों के बाद सात जन्मों के बंधन में बंधने की शुरुआत श्री काशी विश्वनाथ के धाम में नवंबर से होगी। नव्य, भव्य और दिव्य धाम में होने वाली शादियां भी अनोखी होंगी, क्योंकि बाबा के परिसर के अनुरूप प्राचीन परंपराओं के अनुसार ही सभी अनुष्ठान संपनन्न होंगे। इसके साथ ही श्रद्धालु मुंडन संस्कार भी करा सकेंगे। बाबा विश्वनाथ का धाम नव दंपती के नवजीवन की शुरुआत का साक्षी बनेगा। सनातनधर्मी बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेकर धाम ही आयोजन में कई पाबंदियों के साथ विवाह की अनुमति रहेगी। विवाह के सभी आयोजन प्राचीन परंपरा व संस्कृति के अनुसार ही संपनन्न होंगे। किसी भी तरह के डीजे के साथ ही कई प्रतिबंधों के साथ विवाह की अनुमति प्रदान की जाएगी। विवाह के दौरान श्रद्धालुओं को सात्विक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। वैवाहिक आयोजन के दौरान आम श्रद्धालुओं की सुविधा का भी ध्यान रखा जाएगा। शादी के साथ ही मुंडन संस्कार और संगोष्ठी के आयोजन भी हो सकेंगे। इसका



के प्रांगण में वैवाहिक आयोजन संपन्न करा सकेंगे। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि बाबा के धाम में सेवाओं को विस्तार दिया जा रहा है। इसके तहत ही कर्मकांड के साथ ही धार्मिक आयोजन व संस्कारों को भी करने की सुविधा शुरू की जा रही है। बाबा के प्रांगण में वैवाहिक समारोह व संगोष्ठियों के लिए इवेंट कंपनी को आमंत्रित किया गया है। ऑनलाइन कई कंपनियों ने इसमें रूचि दिखाई है।इवेंट कंपनी धाम में विवाह करने वालों की बुकिंग करेगी। बाबा के धाम के अनुसार शुल्क अभी निर्धारित नहीं किया गया है लेकिन यह आम जनता की जेब के अनुसार ही रखा जाएगा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य व ज्योतिषाचार्य पं. दीपक मालवीय ने बताया कि जुलाई में विवाह के चार मुहूर्त हैं। इसके बाद नवंबर में चार और दिसंबर में पांच मुहूर्त हैं। मंदिर प्रशासन का कहना है कि शादी विवाह और सामाजिक कार्यक्रम के लेकर वही नियम होंगे जिससे जनमानस की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे। ऐसे किसी भी कृत्य की अनुमति नहीं होगी जो धार्मिक रूप से अनुचित है।

# आईजी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुना लोगों कोई फरियाद

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

**रोहनिया, (वाराणसी)।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को तहसील राजातालाब सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आईजी के सत्यनारायण सहित एसडीएम राजातालाब गिरीश कुमार द्विवेदी तथा क्षेत्राधिकारी सदर अखिलेश राय ने फरियादियों की फरियाद सुनी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 183 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें 7 प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग राजस्व पुलिस सिंचाई बिजली लोक निर्माण विभाग समाज कल्याण इत्यादि समस्त विभागों के आला अधिकारियों कर्मचारियों को एक सप्ताह में समस्या समाधान करने का निर्देश दिया।संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम प्रधान बहेडवा संजय कुमार ने सरकारी भूमि पर ग्रामीणों द्वारा कब्जा करने का लगाया आरोप तो वही खोचवा निवासी तूफानी सिंह ने सरकारी हैंडपंप में पड़ोसी विनेश सिंह द्वारा निजी समरसेबल पम्प लगाकर उसे अवरुद्ध करने का लगाया आरोप इन सभी प्रार्थना पत्र व आरोपो के जाँचो परांत समस्या निस्तारण के लिए एसडीएम राजातालाब गिरीश कुमार द्विवेदी ने तत्काल सम्बंधित गाँवो के राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को दिया दिशा निर्देश।समाधान दिवस के अवसर पर आईजी के सत्यनारायण,एसडीएम राजातालाब गिरीश कुमार द्विवेदी,सीओ सदर अखिलेश राय,तहसीलदार श्याम कुमार,प्रभारी निरीक्षक रोहनिया विमल कुमार मिश्रा,थानाध्यक्ष राजातालाब राम आशीष,एसडीओ विधुत द्वितीय डीके पाण्डेय इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# डीआरएम के निर्देश मे वाराणसी मंडल के रेलवे स्टेशनो पर चल रहा है आजादी के अमृत महोत्सव का विभिन्न कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिय (वाराणसी)।** मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा



आयुक्त डा0 अभिषेक के नेतृत्व में आज बुधवार को वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर आज़ादी का अमृत महोत्सव के दौरान आगामी 5 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज़ादी का अमृत महोत्सव के स्मरणोत्सव के भाग के रूप में गाजीपुर सिटी एवं प्रयागराज रामबाग पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया जिसमें गाजीपुर सिटी में 28 एवं प्रयागराज रामबाग में 32 कर्मचारियों नें भाग लिया। इस दौरान अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने बताया कि इसी क्रम में वाराणसी मंडल के कप्तानगंज स्टेशन एवं गोरखपुर स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा जल-सेवा अभियान चलाया गया जिसमें प्यासे यात्रियों को उनके कोच में पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा कप्तानगंज के हालमार्क वर्ल्ड स्कूल एवं गोपालगंज के डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों को भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन की विभिनन्न घटनाओं से परिचित कराया और आजादी के महत्व को समझाया गया।इसके साथ ही थावे स्थित रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर स्वच्छता अभियान चलकर साफ-सफाई की गयी एवं रेलवे सुरक्षा बल ट्रेनिंग सेंटर गोरखपुर में वृहद वृक्षारोपण किया गया। ज्ञातव्य हो की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 1 से 5 जुलाई तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जाना प्रस्तावित है।इस क्रम में 1 जुलाई को सुबह बनारस स्टेशन पर विभिन्नकार्यक्रमों का आयोजन रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा किया जायेगा ।

# गोरखपुर में खूब बरसा पानीः शहर के जलभराव में अधिकारियों के दावे डूबे

**गोरखपुर।** मानसून की पहली ही बारिश में शहर के अधिकतर इलाकों में पानी भर गया। इस जलभराव में जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों के जलनिकासी के दावे भी डूब गए। शहर के अधिकतर इलाकों में एक से दो फीट तक पानी लग गया। कुछ इलाकों में घरों और दुकानों में पानी घुस गया। सर्वाधिक दिक्कत अधूरे नालों की वजह से हुई। मेडिकल कॉलेज रोड से सटी कॉलोनियों में बड़ी आबादी जलभराव के कारण घरों में कैद रही। देर रात तक इन इलाकों से पानी नहीं निकल पाया। कुछ इलाके ऐसे भी रहे जहां



पिछली साल की तुलना में इस बार तेजी से पानी निकल गया। संसाधनों के अभाव के संबंध में पार्षदों में नगर निगम प्रशासन के खिलाफ आक्रोश दिखाई पड़ा। कोई समय से संपवेल नहीं चलने से व्यवस्था को कोसता रहा, तो कोई पंपों में डीजल नहीं होने से नाराज था।सिंघडिया से तुर्रा तक नाला बन जाने से देवरिया रोड पर पानी नहीं लगा। आसपास के इलाकों से भी पानी तेजी से निकल गया। दो-चार मोहल्ले ही ऐसे रहे जहां बारिश बंद होने के बाद जलभराव की स्थिति रही।

# सम्पादकीय

## महाराष्ट्र सियासत पार्टी की आउटसोर्सिंग और शिवसेना का 'होस्टाइल टेकओवर'

शिवसेना को महज़ एक परिवार की पार्टी मान लेने वाले बड़ी भूल करते हैं। ज़मीन पर शिवसेना परिवार से ज़्यादा विचारधारा की पार्टी है।इसकी जड़े मुंबई की शिवसेना शाखाओं में है जिसे बाल ठाकरे ने अपने विचारों से बनाया। भारत की राजनीति में यह पहला मौक़ा नहीं है जब किसी पार्टी का 'होस्टाइल टेकओवर' करने की कोशिश की गई हो। 1969-70 में इंदिरा गांधी की कांग्रेस के टेकओवर की कोशिश एक तरह से नाकाम रही, मगर लगता है शिवसेना पहली पार्टी होगी जिसका 'शत्रुतापूर्ण अधिग्रहण' सफ़ल हो जाएगा। मुंबई में कुछ लोग कहते हैं- उद्धव ठाकरे ने अपनी साझा सरकार ही नहीं बल्कि शिवसेना पार्टी के फ़ैसले भी 'आउटसोर्स' कर दिए थे। दरअसल, एनसीपी चीफ़ शरद पवार ही असली सुप्रीमो बन गए थे। तो क्या यह एक तरह से शिवसेना पार्टी की ही आउटसोर्सिंग की कोशिश थी राजनीति और सत्ता के कम अनुभवी उद्धव ठाकरे के लिए यह आरामदेह स्थिति थी। ख़ासकर तब जबकि उनकी टक्कर राजनीति की ख़ूंख़ार पार्टी बीजेपी से हो गई थी। पवार और ठाकरे परिवार की नज़दीकियों की कुछ और वजहें भी बताई जाती हैं मगर वह निजी बातें हैं। दरअसल, शुरू में सत्ता का सुख सभी को अच्छा लगा, मगर धीरे-धीरे शिवसेना के स्थानीय मगर मज़बूत नेताओं को लगने लगा कि सुप्रीमो उद्धव नहीं पवार हैं। ऐसी तमाम बातें शिवसेना बाग़ी विधायक कह चुके हैं। शिवसेना का डीएनए और वारिस के गुण शिवसेना को महज़ एक परिवार की पार्टी मान लेने वाले बड़ी भूल करते हैं। ज़मीन पर शिवसेना परिवार से ज़्यादा विचारधारा की पार्टी है। इसकी जड़ें मुंबई की शिवसेना शाखाओं में है जिसे बाल ठाकरे ने अपने विचारों से बनाया। बाल ठाकरे का वचन और उनकी विचारधारा में कभी कोई मतभेद नज़र नहीं आया, इसलिए शिवसैनिकों के लिए बाल ठाकरे महज़ एक चेहरा नहीं आकाशवाणी थे। शिवसेना में पहले भी छगन भुजबल और नारायण राणे जैसे बाग़ी हुए हैं - लेकिन 2022 की बग़ावत सत्ता ही नहीं बल्कि पूरी शिवसेना पार्टी हथियाने के लिए हुई है।पार्टी के अधिग्रहण से आएगी सत्ता साल 2019 में बीजेपी ने एनसीपी के बाग़ी अजीत पवार के साथ महाराष्ट्र की सत्ता पाने की नाकाम कोशिश की। अजीत, चाचा शरद पवार के पास पहुंच गए। बीजेपी से घबराए उद्धव ठाकरे और ग़ुस्साए शरद पवार ने समझदारी से सत्ता क़ायम कर ली, तब से लेकर आज तक बीजेपी ने कई तरह के दांव लगाए जिससे महाराष्ट्र में ठाकरे की साझा सरकार गिर जाए और शिवसेना के पास घर वापसी के अलावा कोई चारा न बचे। इस बीच मध्य-प्रदेश मॉडल से लेकर गोवा-मणिपुर-मेघालय मॉडल तक की चर्चा और कोशिशें हुईं, मगर फिर आइडिया के स्टाक मार्केट से 'टेकओवर' का विचार प्रकट हुआ 'टेकओवर' के बाद ठाकरे मार्का हालांकि बस चर्चा है - मगर इसके दो पहलू हैं। अगर एकनाथ शिंदे ग्रुप शिवसेना पार्टी पर क़ाबिज़ हो पाता है या अगर वो दूसरी शिवसेना भी खड़ी करते हैं तो उन्हें एक ठाकरे चेहरा चाहिए। राज ठाकरे वो चेहरा हैं जो नई शिवसेना को वैधता दे सकते हैं, तो क्या शिवसेना पार्टी के अधिग्रहण के बाद राज ठाकरे अपनी पार्टी श्न्ए का विलय कर देंगे? या फिर शिवसेना के बाग़ी विधायक राज ठाकरे की पार्टी में शामिल हो जाएंगे क्या राज ठाकरे का चेहरा उद्धव ठाकरे की शिवसेना का स्ट्रीट पावर ख़त्म कर सकता है? मगर क्या बीजेपी के ज़्यादा मज़बूत और अख्खड़ राज ठाकरे को पावरफुल बनाने का रिस्क लेगी? वैसे लोहे को लोहा ही काटता है और फिर उस लोहे को काटने के लिए एक नया लोहा लाया जा सकता है। डिस्क्लेमर (अस्वीकरण): यह लेखक के निजी विचार हैं। आलेख में शामिल सूचना और तथ्यों की सटीकता, संपूर्णता के लिए अमर उजाला उत्तरदायी नहीं है। अपने विचार हमें पर भेज सकते हैं। लेख के साथ संक्षिप्त परिचय और फोटो भी संलगन करें।

# महाराष्ट्र का सियासी संकट: क्या भाजपा के बिछाए जाल से निकल पाएगी शिवसेना

महाराष्ट्र सरकार का पतन एक महागठबंधन की इच्छा और उसके निर्माण के लिए जोखिम प्रबंधन के संबंध में सबक पेश करता है। कहा जाता है कि इतिहास खुद को दोहराता नहीं है, बल्कि अक्सर तुकबंदी करता है। शिवसेना-कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गठबंधन यानी महाविकास आघाड़ी (एमवीए) की शुरुआत ही एनसीपी में नाकाम बगावत से हुई थी। ढाई साल बाद इस गठबंधन के संभावित अंत को शिवसेना में बगावत के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। वर्ष 2019 में राकांपा ने शिवसेना के साथ मिलकर भाजपा को मात देकर सत्ता पर कब्जा किया था। उसका बदला भाजपा ने वर्ष 2022 में एकनाथ शिंदे को बहला-फुसलाकर और राजनीतिक बाघ को फंसाकर शिकार किया है। क्या शिवसेना भाजपा के बिछाए जाल से निकल पाएगी? ऐसा लगता तो नहीं है। हालांकि भाजपा के लिए आगे की राह चुनौतीपूर्ण है। विभिनन्‍ राज्य विधानसभाओं द्वारा दलबदल पर कानून की व्याख्या और उसके बाद के मामले अनिश्चितता का दृश्य प्रस्तुत करते हैं। हिंदुत्व के वोट के लिए शुरू हुई यह लड़ाई गुवाहाटी से मुंबई की विधानसभा तक पहुंचने से पहले अब अपेक्षा के अनुरूप ही अदालत में पहुंच गई है और सड़कों पर भी दिख सकती है। महाविकास आघाड़ी (एमवीए) का यह हश्र राजनीतिक दलों के लिए कुछ सबक पेश करता है और ध्यान देने योग्य कुछ सवाल उठाता है। कुछ समय पहले बंगाल चुनाव के बाद भाजपा के खिलाफ एक आम मोर्चा बनाने की बातें हो रही थीं और उसके केंद्र में ममता बनर्जी और शरद पवार थे। महाराष्ट्र सरकार का पतन एक महागठबंधन की इच्छा और उसके निर्माण के लिए जोखिम प्रबंधन के संबंध में सबक पेश करता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा एमवीए गठबंधन के पतन का लाभ उठाएगी- इसके विरोधाभासों और कथित भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण, जो कि अवसरवादी गठबंधनों के खिलाफ विश्लेषण का विषय होगा। राजनीतिक उद्यमिता और अवसरवाद के लिए एमवीए विश्लेषण का विषय है। तीनों दलों का एक साथ आना अटल बिहारी



वाजपेयी की इस उक्ति को चरितार्थ करता था-कहीं का ईंट कहीं का रोड़ा, भानुमती ने कुनबा जोड़ा। इनमें से हर पार्टी एक दूसरे की कटु आलोचक रही है। मूल रूप से कम्युनिस्टों से लड़ने के लिए कांग्रेस द्वारा समर्थित शिवसेना ने मुंबई से कांग्रेस को खदेड़ना शुरू किया और 1980 के दशक में हिंदुत्व के मुद्दे पर सवार होकर बड़ी ताकत के रूप में उभरी। इसका उदय 1988 में कांग्रेस (आई) और कांग्रेस (एस) के विलय से हुआ, जिससे विपक्ष का स्थान खाली रह गया। कांग्रेस (एस), या पवार कांग्रेस, एनसीपी का पहला अवतार था, जिसका जन्म 1999 में कांग्रेस के 'विदेशी नेतृत्व' के खिलाफ हुआ था। आगे का रास्ता आंदोलन और कानूनी लड़ाई वाला है। भाजपा प्लान ए और बी, दोनों से लैस है। प्लान ए इस उम्मीद पर टिका हुआ है कि वह अपनी पसंद के विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव करने, ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार को सदन में विश्वास मत में हराने और देवेंद्र फडणवीस को एक बार फिर डबल इंजन सरकार चलाने के लिए नियुक्त करेगी और देवेंद्र फड़णवीस के बारे में सभी अटकलों को खत्म कर देगी। हालांकि, कुछ समय बाद, पार्टी यह लड़ाई सड़कों पर नहीं लड़ना चाहेगी, क्योंकि इस मामले में शिवसेना की जो पहचान है, उसे देखते हुए वह मुंबई में कानून-व्यवस्था बिगाड़ सकती है। उसके बाद भाजपा का प्लान बी शुरू होगा और वह राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर गुजरात के साथ विधानसभा का चुनाव कराएगी। कहा जाता है कि प्यार और युद्ध में सब जायज है और भाजपा चाणक्य नीति में माहिर है। हां, राजनीतिक विरोधियों को घेरने के लिए एजेंसियों के इस्तेमाल को लेकर विपक्ष आवाज उठा रहा है। लेकिन तथ्य यह है कि एजेंसियों का इस्तेमाल यूपीए शासन के दौरान भी ठीक-ठाक ढंग से हुआ था। सपा और बसपा, दोनों के नेता इसकी पुष्टि करेंगे। भ्रष्टाचार चाहे जिस भी स्तर पर हो, चाहे वह कथित हो, वास्तविक हो, सिर्फ आरोप हो या साबित हो, विक्रम की तरह बैताल का शिकार करता है। सवाल यह है कि शिवसेना कैसे ऊंघती हुई पकड़ी गई। एक सोच यह है कि ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि गृह विभाग शिवसेना के पास नहीं था। लेकिन इस तर्क में दम नहीं है। तथ्य यह है कि शिवसेना और गठबंधन की पाटिर्यां यहां तक कि सहयोगी मंत्रियों के ऊपर पड़ते छापे को लेकर भी परेशान नहीं थीं। विद्रोहियों ने इससे सबक लिया। उन्होंने अपने बगावत का कारण ढूंढ लिया और उसे सामने रखा। वे जिस तर्क का सहारा ले रहे हैं, वह यह है कि एमवीए हिंदुत्व के मुद्दे को कमजोर कर रहा है। यह ऐसा मुद्दा है, जिस पर गठबंधन के समय ही आपत्ति होनी चाहिए थी। दूसरा पहलू यह बताया गया कि शिवसेना के भीतर गैर सांविधानिक संस्था के जरिये मंत्रियों की ताकत को अपहृत किया जाता है। ध्यान देने वाली बात है कि मूल रूप से स्वीकृत फैसलों और प्रथाओं को बगावत की शिकायतों में तब्दील कर दिया गया है। देर से की गई प्रतिक्रिया से पता चलता है कि वे चुनाव से दूरी और विरोध के लिए प्रोत्साहन से प्रेरित हैं। भारत के क्षेत्रीय दल बड़े पैमाने पर परिवार संचालित उद्यम हैं, जो आम तौर पर किसी व्यक्ति की छवि के इर्द-गिर्द निर्मित होते हैं। भारतीय राजनीति की प्रमुख गलती यह है कि राज्यों में शासन करने वाली किसी भी क्षेत्रीय पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है। आमतौर पर रणनीतिक निणन्य शीर्ष स्तर पर लिए जाते हैं और निचले कार्यकत्ताओं को विद्रोह के बीज बोने के लिए उपजाऊ जमीन उपलब्ध कराते हैं। मुंबई में सत्ता के इस संघर्ष का राष्ट्रीय स्तर पर असर पड़ने वाला है और यह लोकतंत्र के लिए गंभीर सवाल खड़े करता है। इसकी जड़ में दल-बदल विरोधी कानून की भावना है। यह कहना सही होगा कि सबसे ज्यादा राजनीतिक नवाचार दल-बदल विरोधी कानून को लेकर हुए हैं। दल-बदल विरोधी कानून की भावना को दरकिनार करने के लिए अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग मॉडल हैं- महाराष्ट्र मॉडल, गोवा मॉडल, मणिपुर मॉडल, अरुणाचल प्रदेश मॉडल। इस कानून की भावना की व्याख्या अलग-अलग राज्यों एवं अदालतों में अलग-अलग ढंग से हुई है। अब जब विद्रोह के बिगुल की ध्वनि मुंबई से दिल्ली तक सुनी जा रही है, यह सवाल पूछा ही जाना चाहिए कि जिन मतदाताओं ने जनप्रतिनिधियों को चुना है, इस विवाद में उनकी भी कोई भूमिका होनी चाहिए या नहीं।

# विमर्श के अभाव में सुलगता देश: योजनाओं की घोषणा और पीछे कदम लेती सरकार.....

कमोबेश पूरा देश इन दिनों विरोध की लपटों के चपेट में है। केंद्र की ओर से घोषित सैन्य बहाली की नई योजना ठअगिन्पथ ठ के खिलाफ उठी चिंगारी देखते ही देखते आग के शोलो में तब्दील हो गई है। कमोबेश पूरा देश इन दिनों विरोध की लपटों के चपेट में है। केंद्र की ओर से घोषित सैन्य बहाली की नई योजना




ठअगिन्पथ ठ के खिलाफ उठी चिंगारी देखते ही देखते आग के शोलो में तब्दील हो गई है। विरोध की इस आग में भारतीय रेलवे की करोड़ों की सम्पत्ति अब तक स्वाहा हो चुकी है। अगिन्पथ पर खड़े देश को सुलगाने और चोटिल करने की कोशिश अचानक की नहीं है। आगजनी और पत्थरबाजी के सुनियोजित षड्यंत्र की आंच पिछले कुछ दिनों से लगातार लगातार जलाई जा रही थी। लघु अवधि सैन्य सेवा की योजना ठअगिन्पथठ पर केंद्र सरकार, तीनों सेना के प्रमुख, और सैन्य सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं के अलावा सेना के रिटायर्ड वेटरन्स की अपनी अपनी राय है। अगिन्पथ योजना लेकर जहां देश के प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा है की समय आने पर इसका फायदा दिखेगा। वहीं सर्वोच्य सैन्य अधिकारियों ने इसे बहुप्रतीक्षित बताया है, इनके अनुसार सेना सन 1989 से ही इस परिवर्तन को लेकर प्रयतन्शील थी। किंतु उचित समय की प्रतीक्षा में यह लंबित था। अब जब कोरोना काल के नाते पिछले दो वर्षों से सैन्य बलों मे भर्ती रुकी पड़ी है। ऐसे में इस योजना को लाने का इससे बेहतर अवसर हो ही नहीं सकता। साथ ही सैन्य बलों मे जवानों की नियमित और पूर्ववर्ती भर्ती पर रोक की घोषणा भी सेना कर चुकी है। जहां तक इसके पक्ष में दलीलों की बात करें तो यह युगांतरकारी है। इससे सैन्य बलों की औसत आयु कम होगी। देश को युवा सैनिक मिलेंगे। इनमें से एक चौथाई को आगे स्थाई नियुक्ति भी मिलेगी। वहीं सैन्य बलों में कटौती के कारण भविष्य में भारतीय सेना तकनीकी आधारित युद्ध मे सक्षम होगी। इन अगिन्वीरों के लिए अर्धसैनिक एवं पुलिस बलों मे आरक्षण की व्यवस्था बनाई गई है। वहीं देश के व्यवसायी घरानों के साथ ही विभिनन्‍ राजनैतिक दलों के कार्यालयों में भी इनके लिए सेवा के बेहतर अवसर होंगे। अगिन्पथ योजना के तहत अगिन्वीर बनने वाले इन युवाओं को सेवा अवधि उपरांत लाखों रुपये मिलेंगे। इसके बावजूद भी देश का युवा आक्रोशित है? विपक्षी दल इसे भुनाने और सुलगाने में लगे हैं। जबकि देश विरोधी तत्व इस बहाने फिर एक बार देश जलाने मे लगा है। दरअसल मोदी सरकार में ये कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी किसान आंदोलन, एनआरसी एवं सीएए और एससी एसटी एक्ट दुरुपयोग मामले में ऐसा हो चुका है। अपने आठ वर्षों के कार्यकाल में इन महत्वपूर्ण मसलों पर सोच, साहस एवं पहल के बावजूद सरकार बैकफुट पर रही है। इन सभी मामलों में योजना के निर्माण और उसकी घोषणा अथवा लागूकरण में विमर्श का घोर अभाव रहा है। इन निणन्यों को लेकर लागू करने से पहले देशव्यापी चर्चा या विमर्श का कोई माहौल नहीं खड़ा किया गया। वहीं इसको लागू किए जाने के साथ देश भर में जिस व्यापक चर्चा संवाद को किया जाना चाहिए ता वो भी होता हुआ नहीं दिखा। सरकार बस फायदे भर गिनाती रही, वहीं नेता मंत्री बयान और ट्वीट कर सबकुछ नियंत्रण में है जैसा संदेश देते रहे। जबकि परिस्थितियां ठीक इसके उलट रही। सहमति संकल्पनाओं के बावजूद भी ये बदलाव वापस लेने परे या फिर लागू नहीं हो पाए। बात अगर हालिया ज्ञानवापी- पैगंबर विवाद की करें तो बिन मांगे ही संघ एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से बयान आने लगे।अपराध बोध से भरे इन बयानों में न्याय एवं लोकतंत्र की जगह मजहबी भाईचारे की अपील थी। जबकि वादी पक्ष ने न्यायालय से साक्ष्यों के आधार पर यथाशीघ्र निणन्य की गुजारिश की थी। इसके लिए इनकी मांग 1991 के पूजा अधिनियम की निरस्ती, न्यायालय द्वारा ऐसे सभी मामलों में सुनवाई और शीघ्र निपटारे की है। ऐसा ही कुछ कृषि सुधार कानून में भी हुआ। वर्षों से लंबित इस सुधार को लागू होना था। इसके कई प्रावधान प्रसिद्ध कृषि विज्ञानी एम एस स्वामीनाथन समिति द्वारा सुझाए गए थे। किंतु महिनों के आंदोलन, हिंसा और पंजाब चुनाव की आहट के नाते इसे पूरी तरह वापस लिया गया। एनआरसी एवं सीएए का मामला भी अब तलक लंबित है। जबकि यह केवल देश के पूर्वी और उत्तर पूर्वी राज्यों की समस्या नहीं अपितु देश की सुरक्षा और मतांधो से मानवता की रक्षा का भी मसला है। इसके बावजूद यह शाहीन बाग जैसे प्रदर्शन और प्रोपगंडा के नाते रुका पड़ा है। एससी एसटी एक्ट दुरुपयोग मामले मे तो सरकार सर्वोच्च न्यायालय का निणन्य तक पलट चुकी है। पुरोधा संगठन के प्रमुख की आरक्षण पर पुनर्विचार के सोच से ही सरकार बहादुर की पेशानी पर बल पड़ने लगता है। जबकि इसका आधार एकात्म मानववाद रूपी समानता का सम्यक दर्शन से जुड़ा है। देशव्यापी संपर्क और करोड़ों सदस्यों के बावजूद भी ऐसे हर मसले पर अटकाव ही दिखता है। अगिन्वीरों के तीरों की तपिश मे हिंसा और विरोध प्रदर्शन जारी है। सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वहीं युवाओं को विरोध प्रदर्शनों से दूरी बरतने अन्यथा भविष्य में सरकारी सेवाओं से मरहूम रहने का संदेश दिया जा रहा है। आखिर एक लोकतांत्रिक देश में विरोध को कैसे अनुचित ठहराया जा सकता है। वहीं बलात् बंदी और सार्वजनिक संपत्तियों के नुकसान को आखिर कैसे कोई जायज ठहरा सकता है। किंतु क्या बिन पूरी तैयारी के इसे स्थाई तौर पर लागू रखा जा सकता है? क्योंकि शंका एवं विरोध के नाते नित्य थोड़ी बहुत सुविधा घोषणा जारी है। इससे संबंधित कई संजीदा सवाल है। सैन्य बल के रूप में मिलने वाली सेवा सुविधा सम्मान और बहाली के तौर तरीकों को लेकर युवाओं मे संदेह है। फिर एक ही सैन्य बल मे अधिकारी और जवानों के लिए अलग कानून जायज होंगे! फिलहाल तो इस मुद्दे पर सैन्य अधिकारियों के वक्तव्य से विशेषज्ञ भी हैरान हैं। वहीं अल्पावधि वाले प्रशिक्षण और अनुबंधों वाले सैनिकों के भरोसे देश की सुरक्षा छोड़ी जा सकती है अनुबंधों के आधार वाली सेना का विचार कोई नया नहीं है। दुनियाभर में ऐसी सेनाओं का चलन रहा है। आचार्य चाणक्य ने भी अपने सैन्य दल मे भृति सैनिकों को नियुक्त किया था। उन्होंने गुप्तचर सेवा में अनुबंधों के आधार पर बहुरुपिये संग विषकन्याओं का भी चलन था। किंतु तब इनके भरोसे ही राष्ट्र की सुरक्षा नहीं थी। ऐसे में सरकार को हठधर्मिता छोड़ सोचने की जरूरत है। वैसे भी किसी मसले पर देश का मानस जानने और सर्वप्रथम योजनाओं को सीमित पैमाने पर लागू कर समझने की जरूरत है। अन्यथा देश सुलगता और विमर्श यू ही भटकता रहेगा। डिस्क्लेमर (अस्वीकरण): यह लेखक के निजी विचार हैं। आलेख में शामिल सूचना और तथ्यों की सटीकता, संपूर्णता के लिए अमर उजाला उत्तरदायी नहीं है। अपने विचार हमें र्द्वैं.म्द.ग्ह पर भेज सकते हैं। लेख के साथ संक्षिप्त परिचय और फोटो भी संलगन करें।

# अखबार से लेखक का रिश्ता : संसार-सरकार के समक्ष स्वतंत्र सोच

भारत सरकार ने नए वन विधेयक का मसौदा तैयार किया था और मैंने इसकी तीखी आलोचना की थी। लेकिन जिस दिन इस लेख को द टेलीग्राफ में छपना था, उसके एक दिन पहले अमिताभ बच्चन कुली फिल्म की शूटिंग के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे उसका



प्रकाशन अनिश्चितकाल के लिए टल गया। मै यूं तो उत्तर भारत में बड़ा हुआ, लेकिन मेरे घर पर जो अखबार आता था, उसका मुख्यालय एक महान शहर में था, जिसे तब कलकत्ता कहा जाता था। यह अखबार था, द स्टेट्समैन। इसके मुख्य संस्करण का प्रकाशन ब्रिटिश भारत की पहली राजधानी से होता था और उसके कुछ छोटे संस्करण ब्रिटिश राज की दूसरी और आखिरी राजधानी से प्रकाशित होते थे। देहरादून स्थित हमारे घर पर इस अखबार का दिल्ली संस्करण आता था। मेरे पिता तीन वजहों से द स्टेट्समैन मंगवाते थे : वह सोचते थे कि अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले सारे भारतीय अखबारों से इसमें बहुत कम अशुद्धियां और त्रुटियां होती है, और इसलिए भी, क्योंकि कभी उनके एक प्यारे भतीजे ने वहां काम किया था। मै खुद इस अखबार को पसंद करने लगा था और इसके मेरे अपने कारण थे : विदेशी मामलों की इसकी शानदार कवरेज- मुझे विशेष रूप से इसके जेम्स कॉउले के लंदन लेटर्स की याद है- के लिए, इसके तीसरे विनोदपूर्ण संपादकीय के लिए और अंग्रेजी गद्य के मास्टर तथा प्रकृतिवादी एम कृष्णन के स्तंभ के लिए। दिल्ली यूनिवर्सिटी में जाने के बाद भी मैं द स्टेट्समैन लेता रहा। हालांकि अर्थशास्त्र में दो डिग्रियों की पढ़ाई के लिए पांच साल वहां गुजारने के दौरान मैंने देखा कि अखबार में गिरावट आ रही है। कृष्णन वहां लिख रहे थे, लेकिन काउली ने छोड़ दिया था और कुछ अन्य ऐसे लेखक भी वहां से जा चुके थे, जिन्हें मैं पसंद करता था। सर्वाधिक परेशान करने वाली बात यह थी कि संपादकीय और प्रबंधन की दीवार को ढहाते हुए अखबार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने फ्रंट पेज पर अपने नाम से कॉलम शुरू कर दिया। यह कायदे के विपरीत तो था ही, अपठनीय भी था। 1980 में मै समाजशास्त्र में डॉक्टरेट करने कलकत्ता चला गया था। यदि मैं नई दिल्ली में होता तो शायद मैं द इंडियन एक्सप्रेस लेता, लेकिन कलकत्ता में उसका कोई संस्करण नहीं था, सो मुझे स्टेट्समैन ही लेना पड़ा, जो कि तब तक मरणासन्न हो गया था, लेकिन रोज निकल रहा था।

# सोलर पंप के अनुदान के लिए विभागीय पोर्टल पर 1 जुलाई से प्रारंभ होगी पंजीकरण प्रक्रिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एलवाई के निर्देशों के क्रम में उप कृषि निदेशक गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त कृषकों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है जलवायु परिवर्तन के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर कार्बन की तीव्रता कम करने, सोलर पंप की स्थापना से सिंचाई लागत को कम करने एवं विद्युत रहित क्षेत्र में उपलब्ध डीजल पंप अथवा सिंचाई के अन्य साधनों के स्थान पर सोलर पंप से सिंचाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद में सोलर पंप पर अनुदान की व्यवस्था की गई है, जिससे कृषकों की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने बताया कि सोलर ?पंप वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के रूप में कृषकों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहा है।जनपद में 2 एच0पी0ए0सी0 (सबमर्सिबल) के 5 सोलर पंप, 2 एच0पी0डी0सी0 (सबमर्सिबल) के 5 सोलर पंप, 3 एच0पी0ए0सी0 (सबमर्सिबल) के 25 सोलर पंप, 3 एच0पी0डी0सी0 (सबमर्सिबल) के 13 सोलरपंप, 5 एच0पी0ए0सी0 (सबमर्सिबल) के 20 सोलर पंप, 7.5 एच0पी0ए0सी0 (सबमर्सिबल) के 3 सोलर पंप, 10 एच0पी0ए0सी0 (सबमर्सिबल) के 2 सोलर पंप, कुल 73 सोलर पंप स्थापित कराये जायेंगे। जनपद में(अतिदोहित एवं क्रिटिकल क्षेत्र को छोड़कर) ही योजना का लाभ कृषकों को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना से लाभान्वित होने के लिए इच्छुक कृषक पहले आओ पहले पाओ के आधार पर विभागीय पोर्टल पर 1 जुलाई 2022 से लक्ष्य पूर्ण होने तक लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन बुकिंग की जाएगी साथ ही सोलर पंप के लिए बुकिंग जनपदवार एवं क्षमतावार आवंटित लक्ष्य की सीमा तक ही टोकन कंफर्म होने पर कृषक अंश जमा करने के लिए निर्गत किये जाएंगे। टोकन पर कृषक का पंजीकरण संख्या, कृषक का नाम, पिता का नाम, चयनित पंप की क्षमता तथा टोकन के रूप में जमा की जाने वाली कृषक अंश की धनराशि अंकित की जाएगी।

# सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव को दी जन्मदिन की बधाई............



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्टीय महासचिव एवं राज्य सभा सांसद राम गोपाल यादव का 76 वां जन्म दिन समाज वादी पार्टी द्वारा धूमधाम से मनाया गया। समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश यादव व सपा नोएडा ग्रामीण के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने पार्टी नेताओं के साथ दिल्ली स्थित उनके आवास पर गुलदस्ता व पौधा भेंटकर उन्हें जन्म दिन की बधाई दी। इस अवसर पर प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने जन्म दिन पर शुभकामनायें देने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी ने उनके स्वस्थ और लंबी उम्र की कामना की साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की वह ऐसे ही हमेशा गरीब ,मजदूर, किसान,नौजवान की आवाज को बुलंद करते रहें।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान, मुकेश यादव, प्रमोद यादव मौजूद रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर क्यूबा ने जारी किया डाक टिकट

**नई दिल्ली ।** भारत से क्यूबा को चावल की खरीदी के लिए 100 मिलियन यूरो के एक अल्पकालिक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। वहीं, क्यूबा सरकार ने भारत की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए विशेष डाक टिकट जारी किया। भारत और क्यूबा के बीच विदेश कार्यालय परामर्श का दूसरा दौर 27 जून को हवाना में संपन्न हुआ।अधिकारियों ने कहा कि दुखद घटना एक अनियंत्रित चौराहे पर हुई जहां किसी चेतावनी रोशनी या गेट के बिना एक सड़क शहर के दक्षिण-पश्चिम में रेल की पटरियों को पार करती है। एमट्रैक ने कहा कि ट्रेन दोपहर करीब 12:42 बजे मेंडन शहर के पास एक सार्वजनिक क्रॉसिंग पर डंप ट्रक से टकरा गई। कंपनी के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि मेंडन, मिसौरी के पास एक सार्वजनिक क्रॉसिंग पर खड़े इस ट्रक से ट्रेन टकरा गई।



# भूगर्भ जल रिचार्ज हेतु चेकडैम तालाबों का करा रही है निर्माण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** जल और जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं। जहां जल है वहां जीवन है। यदि जल नहीं तो जीवन नहीं। जल से ही जीव-जन्तु, पेड़-पौधों आदि की उत्पत्ति एवं विकास होता है। आज बढ़ती हुई जनसंख्या एवं औद्योगीकरण के कारण भूजल का दोहन अधिक हो रहा है। भूगर्भ जल के स्तर में धीरे-धीरे कमी आ रही है। प्रदेश में गिरते भूगर्भ जल स्तर में सुधार तथा भूगर्भ जल के नियोजित विकास एवं प्रबंधन के साथ भूजल से सम्बंधित समस्याओं के अध्ययन एवं भूजल संरक्षण हेतु जन जागरूकता के लिए 05 योजनाएं यथा-भूगर्भ जल सर्वेक्षण का विकास, आंकलन एवं सुदृढ़ीकरण, शासकीय भवनों पर रूफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना, भूजल संसाधनों की गुणवत्ता का अनुश्रवण एवं मैपिंग, भूजल जन- जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार तथा राज्य भूजल भवन की स्थापना तथा नये पीजोमीटर की स्थापना की नवीन योजनायें प्रस्तावित हैं। प्रदेश में भूजल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबन्धन एवं विनियमन के दृष्टिगत उ0प्र0 भूगर्भ जल (प्रबन्धन एवं विनियमन) अधिनियम- 2019 लागू किया गया है। प्रदेश सरकार भूजल के गिरते स्तर को सामान्य लाने के लिए सम्बंधित क्षेत्रों में वर्षा जल को रोकने के लिए बन्धियां/चेकडैम, बांध, तालाब, पोखरों आदि का निर्माण कराकर जलस्तर बढ़ाने की योजनाएं संचालित की हैं। घरों तथा शासकीय भवनों में रूफटाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की योजना संचालित है। जिसके अन्तर्गत शासकीय भवनों एवं निजी घरों के छतों से आने वाले वर्षा के पानी को खोदे गये गड्ढों/हार्वेस्टिंग प्रणाली में एकत्रित कर भूगर्भ जल रिचार्ज में अभिवृद्धि की जा रही है। प्रदेश के डार्क घोषित विकास खण्डों में सरकार द्वारा बंधियां, चेकडैम, तालाबों का निर्माण कराया जा रहा है। भूगर्भ जल रिचार्ज में अभिवृद्धि हेतु स्थानीय नदी, नालों, एवं वर्षा के जलबहाव वाले स्थलों पर चेकडैम बनाकर वर्षा जल को रोकते हुए भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश में अब तक विभिनन्नदियों, नालों आदि पर 390 से अधिक चेकडैम बनाये गये हैं। जिनपर प्रदेश सरकार द्वारा 141.51 करोड़ रूपये व्यय किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा वर्षा जल संचयन एवं भूजल संवर्द्धन के अन्तर्गत क्रिटिकल तथा अतिदोहित चयनित विकास खण्डों में भूजल संवर्द्धन, सिंचाई, मछली पालन, पशुओं के लिए पीने का पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने आदि कार्यों हेतु तालाबों का निर्माण/जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। तालाबों के पुनर्विकास एवं प्रबंधन हेतु 01 हे0 से 05 हेक्टेयर क्षेत्रफल तक के तालाबों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2019-20 में 47.60 करोड़ रू0 व्यय करते हुए 118 तालाबों का निर्माण कराया है तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 में 48 करोड़ रू0 व्यय करते हुए अब तक 117 तालाबों का निर्माण/जीर्णोद्धार कराया गया है। वर्ष 2021-22 में 45 तालाबों का जीर्णोद्धार/निर्माण करते हुए 11.44 करोड़ रुपये व्यय किये गये है। प्रदेश सरकार भूगर्भ जल के स्तर में वृद्धि करते हुए कृषि उत्पादन में वृद्धि हेतु कृत संकल्पित है। इस दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा कराये जा रहे कार्य सराहनीय हैं।

# गाजियाबाद: 15 वर्षीय किशोर की कोरोना से मौत लग चुके थे टीके के दोनों डोज

**नोएडा।** कोरोना संक्रमण की चपेट में आए मोदीनगर के 15 वर्षीय किशोर की मेरठ के सुभारती कॉलेज में मौत हो गई। इलाज के दौरान मंगलवार की रात किशोर ने दम तोड़ दिया। किशोर को टीके के दोनों डोज लग चुके थे। कोरोना संक्रमण की चपेट में आए मोदीनगर के 15 वर्षीय किशोर की मेरठ के सुभारती कॉलेज में मौत हो गई। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि किशोर को एक सप्ताह पहले बुखार हुआ था। परिजन उसे पहले मोदीनगर में ही एक निजी अस्पताल में ले गए थे, लेकिन हालत गंभीर होने पर पांच दिन पहले मेरठ के सुभारती मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान मंगलवार की रात किशोर की मौत हो गई। किशोर को टीके के दोनों डोज लग चुके थे। इसके पहले चार फरवरी को नेहरू नगर निवासी 88 वर्षीय बुजुर्ग की संतोष अस्पताल में मौत हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूयॉर्क में भारतवंशी युवक की गोली मारकर हत्या

**अमेरिका।** सतनाम सिंह शनिवार दोपहर करीब 3:46 बजे घर से थोड़ी दूर साउथ ओजोन पार्क में कार में बैठे किसी का इंतजार कर रहे थे। क्वींस इलाके में घर के बाहर पार्किंग में खड़े वाहन में बैठे भारतीय मूल के 31 वर्षीय सतनाम सिंह की रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। न्यूयॉर्क पुलिस ने बताया कि सतनाम सिंह शनिवार दोपहर करीब 3:46 बजे घर से थोड़ी दूर साउथ ओजोन पार्क में कार में बैठे किसी का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच एक हमलावर आया और उन पर गोलियों की बौछार कर दी। सिंह की गर्दन, धड़ और सिर में गोलियां लगीं। उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि सिंह एक दोस्त से उसकी जीप रैंगलर सहारा लेकर आए थे। सतनाम सिंह को किसी के साथ?कहीं जाना था, इसलिए वह अपने दोस्त से यह गाड़ी मांगकर लाए थे।?अब जांच इस बात की चल रही है कि बदमाश गाड़ी के मालिक की हत्या करना चाहते थे या फिर किसी विवाद के कारण खुद सतनाम सिंह उनके निशाने पर थे।

### नासा के रोवर को मंगल पर दिखे मिट्टी के टीले और परतदार पत्थर

**अमेरिका।** वैज्ञानिक का मानना है कि इस आधार पर यह माना जा सकता है कि मौसम में बदलाव के कारण पानी की धारा सूख गई गई होगी और मिट्टी के टीलों का निर्माण हुआ होगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक, ये अरबों साल पहले मंगल की जलवायु में हुए एक बड़े बदलाव को दिखाते हैं। नासा के क्यूरोसिटी रोवर को मंगल ग्रह पर मिट्टी के सूखे टीले और परतदार पत्थर दिखे हैं। इससे प्राचीन समय में लाल ग्रह पर जलवायु परिवर्तन के संकेत मिलते हैं। रोवर द्वारा भेजी गई तस्वीरों मिट्टी ऊंचे-ऊंचे टीले दिखाई दे रहे हैं। वैज्ञानिक का मानना है कि इस आधार पर यह माना जा सकता है कि मौसम में बदलाव के कारण पानी की धारा सूख गई गई होगी और मिट्टी के टीलों का निर्माण हुआ होगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक, ये अरबों साल पहले मंगल की जलवायु में हुए एक बड़े बदलाव को दिखाते हैं। रोवर लगातार ऊंचाई पर चढ़ रहा है। ऊंचाई से उसे ये टीले दिखे हैं।

# दिल्ली वासियों को उमस और गर्मी से जल्द मिलेगी राहत, बस पहुंचने ही वाला है मानसून

**नई दिल्ली।** मानसून 30 जून से एक जुलाई के बीच दिल्ली के राजधानी दिल्ली में रहने वालों को उमस और गर्मी की चिपचिपाहट बारिश के फुहारों में दिल्ली की उमस भरी गर्मी गायब हो जाएगी। विभाग



साथ-साथ एनसीआर और उत्तर भारत के बड़े हिस्से में पहुंच जाएगा। दिल्ली से पहले मानसून उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के हिस्सों से होते हुए हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर पहुंचेगा। से बस राहत मिलने ही वाली है। बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहे दिल्लीवासियों के लिए खुश खबरी है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून अब बस दिल्ली पहुंचने ही वाला है। इसके बाद ने बताया कि मानसून 30 जून से एक जुलाई के बीच दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर और उत्तर भारत के बड़े हिस्से में पहुंच जाएगा। दिल्ली से पहले मानसून उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के हिस्सों से होते हुए हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर पहुंचेगा। उम्मीद है कि मानसून के आने से दिल्ली के अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी और यह करीब छह डिग्री सेल्सियस तक कम हो जाएगा। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मालूम हो कि बीते कुछ दिनों से दिल्ली का तापमान लगातार 40 डिग्री बना हुआ है, जिसके कारण आम जनजीवन का गर्मी से बुरा हाल है हालांकि, मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि बुधवार को भी राजधानी में हल्की बारिश हो सकती है। इससे उमस बढ़ सकती है, लेकिन गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। बता दें कि साल 2021 में मानसून मौसम विभाग की संभावित तारीख से 10-15 दिन की देरी से पहुंचा था। इसके इंतजार में लोगों का बुरा हाल हो गया था। इस बार भी विभाग ने 27 जून की तारीख दी थी, लेकिन मानसून को आने में लगातार देरी हो रही है। ऐसे में लोगों को पिछले साल की तरह ही मानसून के देर से आने का डर सता रहा है।

# मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 22 जून से 1 जुलाई तक उत्तर प्रदेश यूथ बॉक्सिंग खिलाड़ियों का शिविर किया जा रहा आयोजित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** सुहास एलवाई के निर्देशों के क्रम में उप क्रीडाधिकारी अनीता नागर ने जानकारी देते हुये बताया कि गौतम बुद्ध नगर के मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 22 जून से 1 जुलाई तक उत्तर प्रदेश यूथ बॉक्सिंग खिलाड़ियों का शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमे उत्तर प्रदेश के 52 बॉक्सिंग खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनकी ट्रेनिंग सुबह शाम लगातार चल रही है। उन्होंने बताया कि विगत दिवस जिला पंचायत सदस्य एवं उपाध्यक्ष देव भाटी ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और खिलाड़ियों को आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया की सभी खिलाड़ी चेनन्ई में होने वाली बॉक्सिंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिभाग तथा बालक व बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। बॉक्सिंग प्रशिक्षक ने देव भाटी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विपिन भाटी, निशांत तोंगड़, मोहित भाटी उपस्थित रहे।



### पत्नी को चाकू से गोद थाने पहुंचा 65 साल का बुजुर्ग

**गाजीयाबाद।** मै अपनी पत्नी का खून करके आया हूं, मुझे जेल भेज दो, 44 साल से क्लेश चल रहा था, आज खत्म कर दिया मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे नंदग्राम थाने पहुंचे 65 साल के अब्दुल रऊफ ने खून से सना चाकू दिखाते हुए यह कहा तो पुलिसवाले भौंचक्के रह गए। पुलिस उसे साथ लेकर हिंडन विहार में उसके घर पहुंची तो पता चला कि उसने चाकू से चार प्रहार कर 62 साल की पत्नी रईसा को लहूलुहान कर दिया है। बेहद गंभीर हालत में बेटों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। मूलरूप से बागपत के लुहारी सराय के निवासी रऊफ ने पुलिस पूछताछ में बताया, शादी के 44 साल बाद भी रईसा मेरा कहा नहीं मानती, मायके वालों के कहे में रहती है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत नशीले पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** जिलाधिकारी सुहास एलवाई के निर्देशों के क्रम में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत ठनशीले पदार्थी के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस का आयोजन राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा व स्वास्थ्य विभाग की और से राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, रणविजय सिंह एडीशनल डी0सी0पी0 एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में महिला थाना की एच0 एच0 ओ0, नीरज उपस्थित रही। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत राजकीय आयुविज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के डॉयरेक्टर डॉ0 विग्रेडियर राकेश गुप्ता एवं डॉ0 सुनील कुमार शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया गया। राजकीय आयुविज्ञान संस्थान की चिकित्सक डॉ0 पायल जैन ने नशे के दुरूपयोग के बारे में बताया व इसके साथ ही साथ नशाखोरी की चपेट में आने वाले युवा वर्ग इस तरह जाल में फंसता है कि उसके सोचने समझने की क्षमता भी नष्ट हो जाती है, जिससे वह अपने जीवन में कोई भी निर्णय नहीं ले पाता है। नशा करने के लिये अनेक मादक पदार्थो का सेवन जैसे-शराब, गांजा, चरस, स्मैक, अफीम, बीडी, सिगरेट एवं तम्बाकू आदि का



सेवन करने लगता है। नशाखोरी से व्यक्ति अनेक ऐसे गलत कार्यो को करने लगता है जो समाज के खिलाफ होते है। रणविजय सिंह, एडशिनल डी0सी0पी0 ने बताया कि भारतीय समाज मे सबसे अधिक संख्या युवा वर्ग की है। युवा वर्ग देश के विकास का एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। वर्तमान मे हमारे देश के युवा नशाखोरी की समस्या से जूझ रहे है नशाखोरी मे डूबा हुआ व्यक्ति अनेक समस्याओं का सामना करने की अपेक्षा, समस्याओं को भुलाने के लिये नशे का सहारा लेता है और यह नशा उसके जीवन के शारीरिक, मानसिक, समाजिक एवं आर्थिक स्तर को नीचे गिराता है। आई0एम0ए0 के अध्यक्ष, प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ0 सुनील अवाना ने मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक बीमारियों का प्रमुख कारण नशे की लत की वजह से मानसिक बीमारियां बढ़ रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने लोगों को नशा छोड़ने के लिये प्रोत्साहित किया और बताया कि नशा हमारे सम्पूर्ण जीवन को बर्बाद कर देता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी (नोडल अधिकारी, नशा मुक्त भारत अभियान) ने बताया गया कि नशे से होने वाली मानसिक एवं शारीरिक बीमारियों के बारे में जागरूक किया। डॉ0 सुनील कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा बताया गया कि हमारे जिले मे मानसिक स्वास्थ्य विभाग संयुक्त जिला चिकित्सालय, सैक्टर-30, नोएडा में 03 दिवस ओ0 पी0 डी0 सेवायें दी जाती है एवं 03 दिन मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा क्षेत्रीय गतिविधियां, स्कूल / कॉलेज, सामुदायिक / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों स्वंय सेवी संस्थान इत्यादि में दी जाती है। डॉ0 श्वेता खुराना, जनपदीय सलाहकार द्वारा आये समस्त अतिथिगण को भारत सरकार द्वारा निर्देशित नशा मुक्त अभियान की शपथ दिलवाई गई। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। डॉ0 सुनील दोहरे, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी, एन0सी0डी0 द्वारा आभार व्यक्त करते हुये सभी को धन्यवाद देते हुये कार्यक्रम का समापन किया।

# राशिफल

**मेष-:** निजी संबंधों में प्रेम व उत्साह रहेगा। स्वजनों व मित्रों संग सुखद समय बिताएंगे। अहम पारिवारिक मामले का समाधान करेंगे। महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क बनेगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगी।

**वृष-:** पेशेवर जीवन में सफलता मिलेगी। रचनात्मकता व मौलिकता कायम रखेंगे। निजी संबंधों के प्रति भावनाएं व विचार खुलकर व्यक्त करेंगे। किसी आत्मीय संग सुखद समय बिताएंगे।

**मिथुन-:** कार्यशील रहने की आवश्यकता है। व्यावसायिक कार्य व निणय को विलंबित कर सकते हैं। आलस्य महसूस करेंगे। संबंधों में भी प्रतिबद्धता को लेकर अनिच्छुक रहेंगे।

**कर्क-:** परिस्थितियों से निराश होने पर उनके स्वतः परिवर्तित होने की प्रतीक्षा करना उचित होगा। मानसिक तनाव से स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

**सिंह-:** जीवन में संतुलन व भावनात्मक स्थिरता प्राप्त करेंगे। भौतिक मामले व वित्तीय लेनदेन सुचारू गति से संपन्न होंगे। बीमारी से उबरेंगे व ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**कन्या-:** व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होंगी। भौतिक लाभ व आय में वृद्धि होगी। घर या संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। त्रिकोणीय पेशेवर संबंध लुभावने प्रतीत होंगे।

**तुला-:** भौतिक सुख व आनंद रहेगा। हृदय की भावुक इच्छा पूर्ण होगी। निजी संबंध में सुख व संतोष महसूस करेंगे। कार्यस्थल पर सफलता मिलेगी। स्वजनों व मित्रों का आतिथ्य करेंगे व मधुर समय बिताएंगे।

**वृश्चिक-:** जीवन के उपहारों व चुनौतियों का समान रूप से स्वागत करें। रचनात्मकता व संपूर्ण ऊर्जा के साथ एक समय पर एक कदम उठाएं। निजी संबंधों व पेशेवर जीवन में विरोध व प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता।

**धनु-:** अंतस में असीम ऊर्जा का स्रोत महसूस करेंगे। नए कार्य को शुरू करना हो या किसी गतिविधि को संपन्न करने के उपरांत विश्राम व नवीन ऊर्जा की आवश्यकता प्रतीत हो।

**मकर-:** निजी व व्यावसायिक जीवन में प्रतिबद्धता के साथ अहम परिवर्तनों व विकास यात्रा की शुरुआत करेंगे। ऊर्जा व उत्साह महसूस करेंगे, किंतु आवेश में निर्णय लेने से बचें।

**कुंभ-:** कार्यस्थल पर मिली विशेष जिम्मेदारी से प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यकौशल प्रदर्शित करेंगे। निजी संबंधों में प्रेम व व्यावसायिक जीवन में संतुष्टि महसूस करेंगे।

**मीन-:** कार्यस्थल पर रचनात्मकता के साथ नई शुरुआत करेंगे। निजी व पेशेवर जीवन के निणयों के संदर्भ में अंतर्मन पर विश्वास कर सकते हैं। नए विचारों व परिवर्तनों का स्वागत करेंगे।

# एडीएम ने नगर में चल रहे सीसी रोड का किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)।** डाला नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित सीसी रोड का निर्माण कार्य जिला शहरी विकास प्राधिकरण (डूडा) के अंतर्गत किया जा रहा है। नगर में पहुंचे अपर जिला अधिकारी सहदेव मिश्रा ने नगर में बन रहे सीसी रोड का निरीक्षण किया जहां नई बस्ती में बने सीसी रोड की गुणवत्ता के विपरीत कार्य किए जाने पर नाराजगी भी जताई वही राज्य मार्ग से संकरी गली को होते हुए ओबरा संपर्क मार्ग पर बन रहे सीसी सड़क की लंबाई चौड़ाई गुणवत्ता के कार्यों को देख संबंधित अधिकारी को आदेशित कर कार्य कराने की बात कही वही स्थानीय लोगो ने अपनी समस्याओं को भी बताया निरीक्षण के दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, हनुमान सिंह,धीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश पटेल मौजूद रहे।



# चौकी डाला पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरुक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला (सोनभद्र)।**सोनभद्र पुलिस अधीक्षक सोनभद्र यशवीर सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 28.06.2022 को चौकी डाला पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत मलिन बस्ती डाला सेक्टर सी हनुमान मन्दिर पर जनचौपाल लगाकर क्षेत्रीय लेखपाल की उपस्थित में आज जनता की समस्याओं को सुना गया तथा इस सम्बंध में उन्हें त्वरित कार्रवाई व हरसम्भव मदद का भरोसा दिलाया गया । इसके साथ ही उन्हें विभिनन सरकारी कल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी टोलफ्री नम्बरों जैसे 1090, 112, 181, 102, 108, 1076 आदि के सम्बंध में जानकारी दी गयी तथा जागरुकता पम्पलेट वितरित करते हुए जागरुक किया गया ।



# सोनपम्प कैनाल में डूबने से दो युवकों की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** चुर्क के सोनपम्प कैनाल में दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए दो युवकों कि हुई मौत एक जिला अस्पताल लोहड़ी में भर्ती कराया गया आस पास के लोगों ने बताया कि गहरे पानी होने के कारण अभिषेक डूबने लगा यह देख शशांक और परमहंस उसे बचाने का प्रयास करने लगे पानी गहेरा होने के कारण तैरना न आने के कारण वो खुद भी गहरे पानी का शिकार हो गए जिसमें मृतक शशांक शर्मा पिता शुशील शर्मा जो न्यूकालोंनी का रहने वाला है मृतक अभिषेक पुत्र अरविंद सिंह छपरा का रहने वाला है जीस उर्म 14,15साल कि है अपने ननिहाल आया था रेलवे कॉलोनी चुर्क गोताखोर कि कड़ी मेहनत के बाद तकरीबन सात बजे उसका शव मिला परमहंस को तत्काल पुलिस द्वारा जिला अस्पताल लोहड़ी में भर्ती कराया गया जानकारी उनुसार उसकी हालत में अब सुधार है।



# गैंगेस्टर एक्ट दोषियों को 2-2 वर्ष 6-6 माह की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी)/ विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट आसुतोष कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए गैंगेस्टर एक्ट के मामले में दोषसिद्ध पाकर दोषियों लालजी गोड़ एवं दिलीप कुमार केवट को 2-2 वर्ष 6-6 माह की कैद एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 10-10 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शक्तिनगर कोतवाल अंजनी कुमार रॉय 16 मई 2020 को पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में निकले थे कि पता चला कि गैंग लीडर संजय सिंह उर्फ टिप्पा का सक्रिय गिरोह है। गिरोह के सक्रिय सदस्य लालजी गोड़ व दिलीप कुमार केवट निवासी सिम्प्लेक्स कालोनी विन्ध्यनगर, सिंगरौली मध्यप्रदेश हैं जो इस क्षेत्र में अपने लाभ एवं सक्रिय सदस्यों के लाभ के लिए गैर कानूनी कार्य करते हैं। इनका क्षेत्र में वर्चस्व कायम है। इनके विरुद्ध कोई भी शिकायत करने एवं गवाही देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। डीएम से अनुमोदन कराने के बाद गैंग चार्ट दाखिल किया गया है। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों लालजी गोड़ एवं दिलीप कुमार केवट को 2-2 वर्ष 6-6 माह की कैद एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# अनियंत्रित होकर कार पलटी दो घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)।** चोपन थाना क्षेत्र के जवारीडाड़ से लगभग एक किलोमीटर पहले एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें दो लोग घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार वाराणसी से रेनुकूट जा रही कार जवारीडाड़ से लगभग एक किलोमीटर पहले अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे कार बैठे विजया नन्द चौबे पुत्र केदारनाथ व अनिल कुमार दुबे घायल हो गए राहगीरों के द्वारा डॉयल 108 न0 को सूचना दी गई सूचना पर डॉयल 108 न0 एम्बुलेंस मौके पर पहुच कर घायलों को सीएचसी चोपन ले गया जहाँ डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



# थाना चोपन पुलिस द्वारा तस्करी हेतु ले जाये जा रहे 24 राशि भैंस किया गया बरामद मौके से 04 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)।** जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 26.06.2022 को थाना चोपन पुलिस द्वारा डाला चढाई पार्किंग गेट के पास से तस्करी हेतु ले जा रहे एक ट्रक ' 55" 4615 से कुल 24 राशि भैंस को बरामद कर मुक्त कराया गया तथा मौके से 04 नफर अभियुक्तगण 01. श्याम पाल सिंह पुत्र बलदेव सिंह, निवासी नरइया, थाना मुहम्दाबाद, जनपद फरुखाबाद 02. मोनू सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, निवासी वौधरियापुर, थाना कननैज, जनपद कननैज 03. मुहम्मद इमरान पुत्र युसुफ, निवासी ग्राम बड़होर, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र 04. मुस्लिम पुत्र इछू अहमद, निवासी ग्राम बड़होर, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-153/2022 धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है । **गिरफ्तारी अभियुक्तगण**-01. श्याम पाल सिंह पुत्र बलदेव सिंह, निवासी नरइया, थाना मुहम्दाबाद, जनपद फरुखाबाद 02. मोनू सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, निवासी वौधरियापुर, थाना कननैज, जनपद कननैज 03. मुहम्मद इमरान पुत्र युसुफ, निवासी ग्राम बड़होर, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र ।04. मुस्लिम पुत्र इछू अहमद, निवासी ग्राम बड़होर,थाना बभनी, जनपद सोनभद्र **बरामदगी का विवरण**24 राशि भैंस । **बरामद करने वाली पुलिस टीम**01. उ0नि0 मनोज कुमार ठाकुर, चौकी प्रभारी डाला, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र 02. हे0का0 आलोक कुमार पाण्डेय, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।03. हे0का0 महेन्द्र यादव, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।



# भूत प्रेत के चक्कर में कुल्हाड़ी की बेंत से मारपीट कर महिला को उतारा मौत के घाट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला (सोनभद्र)।** चोपन थाना क्षेत्र के वसुधा जुड़ीदह क्षेत्र में आज मंगलवार को एक महिला को भूत-प्रेत के चक्कर में कुल्हाड़ी के बेंत से मारपीट के मौत के घाट उतार दिया गया।जिससे गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही मौके पर एडीशन एसपी समेत आलाधिकारी पहुँच कर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटा ग्राम पंचायत के वसुधा जुड़ीदह क्षेत्र की रहने वाली चमेली (48) पुत्री स्व.शिव चरन अगरिया रोज कि तरह मंगलवार को सुबह बकरी चराने गई थी।बकरी चराकर दोपहर में अपने घर को वापस लौट रही थी।तभी रास्ते में हीरालाल अगरिया पुत्र रामबलि अगरिया निवासी वसुधा जुड़ीदह ने चमेली को रोक कर उस पर भूत-प्रेत का आरोप लगाते हुए कुल्हाड़ी के बेंत से मारने पीटने लगा।जिसके कारण महिला वही जमीन पर गिर गई।जिसके बाद वह वहा से भाग गया।जिसके बाद चमेली की बहन रामरसिया मौके पर पहुँच गई।जिसकी जानकारी उसने गाँव के अन्य लोगो को देने के साथ ही चमेली को उपचार हेतु अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही गंभीर रूप से घायल चमेली की मौत हो गई।जिसकी जानकारी लोगो ने पुलिस को दिया।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एडीशनल एसपी विनोद कुमार,सीओ राज कुमार ,चोपन थाना प्रभारी के.के.सिंह व डाला चौकी प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर मौके पर पहुँच कर लोगो से घटना की जानकारी ली।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए अस्पताल भेज दिया।चोपन थानाध्यक्ष के.के. सिंह ने बताया कि मृतका की बहन का लड़का मुनन के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर हीरालाल अगरिया पुत्र रामबलि के विरूद्द मुकदमा पंजीकृत कर उसके धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है।



# दंपती समेत छह के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा.........

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को दंपती समेत छह के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों के ऊपर कई व्यापारियों से करीब डेढ़ करोड़ रुपये का गेहूं और धान लेकर रुपये न देने का आरोप है। बुधवार को पुलिस की एक टीम आरोपियों को पकड़ने के लिए प्रयागराज के कोरांव के लिए रवाना हो गई है। पुलिस ने बताया कि राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के तरावा गांव निवासी वादी रविशंकर ने तहरीर देकर अवगत कराया है कि उनके अलावा कुछ और लोग फुटकर गल्ला क्रय विक्रय करने का काम करते हैं। पिछले तीन-चार साल से प्रयागराज के कोराव निवासी एक व्यापारी उन लोगों से अनाज क्रय करता था। उक्त व्यापारी ने छपका में किराए के मकान में गोदाम बनाया था। कई व्यापारियों से उसने करीब डेढ़ करोड़ रुपये का अनाज क्रय किया और दो जून को छपका कार्यालय बंद कर फरार हो गया। कारोबारी ने व्यापारियों से बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की गई है। दारोगा रमेश राम ने बताया कि पीडि़त की तहरीर पर शिवनाथ केशरी, उसकी पतनी सुलेखा, विश्वनाथ केशरी, ओम प्रकाश केशरी, रामनाथ केशरी और अमित केशरी के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित चार शाति अपराधियों कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** जनपद में अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-27.06.2022 को थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 57/2022 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बंधित वांछित 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. गुलाब यादव पुत्र गंगा यादव निवासी ग्राम कुड़वा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र 2. लोकनाथ यादव पुत्र स्व0 दुखी यादव निवासी ग्राम कुड़वा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र 3. मुकेश कुमार यादव पुत्र स्व0 शोभा यादव निवासी ग्राम कचनरवा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र 4. राज कुमार गौड़ पुत्र वंशराज उर्फ चैतू गौड़ निवासी ग्राम कचनरवा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर अभियुक्तगण को माननी न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त का अपराधिक इतिहास निमनलिखित है- **नाम-पता अभियुक्तगण**- 1- गुलाब यादव पुत्र गंगा यादव निवासी ग्राम कुड़वा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र । 2- लोकनाथ यादव पुत्र स्व0 दुखी यादव निवासी ग्राम कुड़वा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र । 3- मुकेश कुमार यादव पुत्र स्व0 शोभा यादव निवासी ग्राम कचनरवा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र । 4- राज कुमार गौड़ पुत्र वंशराज उर्फ चैतू गौड़ निवासी ग्राम कचनरवा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र । **अपराधिक इतिहास अभियुक्त गुलाब यादव-** 1-मु0अ0सं0-45/2018 धारा 147, 353, 504, 506, भादवि व 5/ 26, 41/42 वन अधिनियम 1927, थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र । 2- मु0अ0सं0-25/2022 धारा 376(2)(1), 504, 506, भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट व पॉक्सो एक्ट थाना विण्ढमंगज, जनपद सोनभद्र । 3- मु0अ0सं0-17/2022 धारा 379, 411, 353, भादवि व 3/ 57/70 उप खनिज परिहार नियमावली 1963 व 4/21 खान खनिज विकास विनिमय अधि0 1957, थाना विण्ढमंगज, जनपद सोनभद्र । 4- मु0अ0सं0 57/2022 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट, थाना विण्ढमंगज, जनपद सोनभद्र । **अपराधिक इतिहास अभियुक्तगण मुकेश कुमार यादव, लोकनाथ यादव व राजकुमार गौड़-** 1- मु0अ0सं0-17/2022 धारा 379, 411, 353, भादवि व 3/57/70 उप खनिज परिहार नियमावली 1963 व 4/21 खान खनिज विकास विनिमय अधि0 1957, थाना विण्ढमंगज, जनपद सोनभद्र । 2- मु0अ0सं0 57/2022 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट, थाना विण्ढमंगज, जनपद सोनभद्र । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-** 1- थानाध्यक्ष सूर्यभान, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 2- हे0का0 राकेश यादव, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 3- का0 अजीत राय, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 4-का0 सुर्या सिंह, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 5- का0 हरेन्द्र प्रसाद, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र ।




# अखंड ज्योति के जत्थे का ढोल नगाड़े से श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय वैष्णो शक्तिपीठ धाम में शनिवार की रात्रि विश्राम के लिए रुके मां बनभौरी देवी का अखंड ज्योति के जत्थे का ढोल नगाड़े से मंदिर समिति व स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। स्वागत के पश्चात उपस्थित सैकड़ों लोगों ने अखंड ज्योति का दर्शन करके मन की मुरादें पूरा करने की गुहार लगाई।अखंड ज्योति को हरियाणा राज्य के हिसार जिले में स्थित मां बनभौरी धाम से अम्बिकापुर में नव निर्मित माँ बनभौरी मंदिर ले जाया जा रहा है। अखंड ज्योति लेने के लिए सैकडों लोगों का जत्था अम्बिकापुर से 21 जून को हरियाणा के बनभौरी धाम के लिए रवाना हुआ है। 24 जून को विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद मां बनभौरी देवी का ज्योति का काफिला अम्बिकापुर के लिए रवाना हुआ। मां बनभौरी देवी का ज्योति वैष्णो मंदिर पर पहुचते ही दर्शन के लिए वैष्णो मंदिर पर सैकड़ों लोग एकत्र हो गए और ढोल नगाड़े व आतिशबाजी के साथ मां बनभौरी देवी की ज्योति का स्वागत किया। स्वागत के पश्चात बच्चे, बुढे , महिलाओं ने मत्था टेक कर आर्शीवाद लिया। इसके पश्चात काफिले में चल रहे सभी लोगों अभिवादन करके विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रविवार की सुबह मां की ज्योति का पूजन अर्चन के बाद माता बनभौरी देवी की ज्योति का काफिला अम्बिकापुर के लिए रवाना किया गया। काफिले के बाद मंदिर परिसर व आसपास के लोगों मे मां बनभौरी देवी की ज्योति का प्रसाद वितरण किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए डाला चौकी प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर मय फोर्स मौजूद रहे ।इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष बृषभान अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सुभाष मित्तल, डाला व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, अंकुश मित्तल, राकेश गोयल, विकाश वंशल, महावीर गोयल, कलवंत अग्रवाल, कृष्ण कुमार गर्ग, राजेन्द्र जैन, नरेश अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, विरेन्द्र गर्ग समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# चौकी डाला पुलिस ने बालू लदा एक ट्रैक्टर को लिया कब्जे में, मौके से खननकर्ता व चालक फरार



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)।** डाला बीते रात्रि करीब 01:30 बजे चौकी डाला पुलिस द्वारा वैष्णो मंदिर के पीछे सोन नदी से अवैध खनन में 01 अदद ट्रैक्टर संख्या यूपी 64 व् 5652 बालू लदा हुआ कब्जे में लिया गया तथा खनन कर्ता संतोष यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव निवासी सेक्टर नम्बर- 08, गैस गोदाम रोड ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र एवं चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये । फरार अभियुक्तगण की तलाश की जा रही है तथा अवैध खनन में कब्जे में लिये गये ट्रैक्टर को वन विभाग की सुपुर्दगी में आवश्यक कार्रवाई हेतु दिया गया । **फरार अभियुक्तगण ये रहे -** 1. संतोष यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव निवासी सेक्टर नम्बर- 08, गैस गोदाम रोड ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । 2. ट्रैक्टर चालक नामपता अज्ञात । **बरामदगी करने वाली टीम में रहे शामिल** 1. उप निरीक्षक श्री मनोज कुमार ठाकुर, चौकी प्रभारी डाला मय टीम, थाना चोपन जनपद सोनभद्र ।

# जादू-टोना के शक में महिला की हत्या करने वाला गिरफ्तार.........

**सोनभद्र।** ग्राम पंचायत कोटा के प्राथमिक विद्यालय बसुधा के समीप बुधवार को घेराबंदी कर पुलिस ने जादू टोना के चक्कर में महिला की हत्या करने वाले आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। चोपन थाना प्रभारी किरण कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह युवक ने कुल्हाड़ी के बेंत से 48 वर्षीय चमेलिया निवासी जुड़ीदह कोटा को मारकर फरार हो गया था। परिवार के लोग घायल महिला को इलाज के लिए ले जा रहे थे मगर उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। बुधवार की सुबह करीब सात बजे मुखबिर की सूचना पर आरोपी हीरालाल अगरिया निवासी जुड़ीदह वसुधा कोटा प्राथमिक विद्यालय के समीप से पकड़ लिया। आरोपी कहीं जाने की फिराक में था। पूछताछ करने पर आरोपी हीरालाल ने बताया कि मेरे पुत्र एक वर्षीय राजन को चमेलिया ने जादू टोना करके मार दिया था। आरोपी युवक की निशानदेही पर जुड़ीदह के जंगल से कुल्हाड़ी बरामद करके युवक का चालान कर दिया गया। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक त्रिभुवन राय, कांस्टेबल अविनाश कुमार, शहंशाह शामिल रहे।

# स्टुअर्ट ब्रॉड से पहले इस गेंदबाज ने किया था सबसे महंगा टेस्ट ओवर

**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड टूटने कही यह बातराबिन पीटरसन ने मजाकिया अंदाज में लिखा कि उन्हें रिकॉर्ड टूटने पर बहुत दुख है। रिकॉर्ड हमेशा टूटने के लिए ही बनते हैं। स्टुअर्ट ब्रॉड से पहले टेस्ट इतिहास का सबसे महंगा ओवर रॉबिन पीटरसन ने किया था। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच में जसप्रीत बुमराह ने कमाल की बल्लेबाजी की। पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे बुमराह ने अपना आक्रामक रूप दिखाते हुए ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की और स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में 29 रन बनाए। कुल मिलाकर इस ओवर में ब्रॉड ने 35 रन लुटा दिए और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे महंगा ओवर करने वाले गेंदबाज बन गए। स्टुअर्ट ब्रॉड से पहले टेस्ट क्रिकेट का सबसे महंगा ओवर दक्षिण अफ्रीका के स्पिन गेंदबाज रॉबिन पीटरसन ने किया था। साल 2003 में वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायल लारा ने उनके एक ओवर में 28 रन बनाए थे। अब बुमराह ने एक ओवर में 35 रन बटोर कर लारा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रॉबिन पीटरसन ने ली चुटकी टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे महंगा ओवर करने का शर्मनाक रिकॉर्ड टूटने के बाद रॉबिन पीटरसन ने मजे लिए हैं। उन्होंने ट्विटर पर मजाकिया अंदाज में लिखा कि उन्हें रिकॉर्ड टूटने पर बहुत दुख है। रिकॉर्ड हमेशा टूटने के लिए ही बनते हैं। इसके साथ ही उन्होंने मजेदार इमोजी भी शेयर किया है, जिससे साफ होता है कि वो मजाक कर रहे हैं। ब्रायन लारा ने उनका रिकॉर्ड टूटने पर जसप्रीत बुमराह को बधाई दी। उन्होंने लिखा ठटेस्ट क्रिकेट में एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ने पर जसप्रीत बुमराह को बधाई। शानदारठ इसके साथ ही लारा ने टेस्ट क्रिकेट में एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची साझा की। इस सूची में दिख रहा है कि बुमराह के 35 रन के अलावा ब्रायन लारा, जॉर्ज बेली और केशव महाराज एक ओवर में 28 रन बना चुके हैं। वहीं, शाहिद अफरीदी ने 27 रन बनाए थे। एजबेस्टन टेस्ट में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत की शुरुआत बेहद खराब थी। 98 रन के अंदर पूरी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। इसके बाद ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने 222 रन की साझेदारी कर भारत को मुश्किल से निकाला। पंत 146 और जडेजा 104 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारत के लिए 400 रन बनाना मुश्किल लग रहा था। हालांकि, जसप्रीत बुमराह ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी कर अपनी टीम का स्कोर 416 तक पहुंचाया। बड़ा स्कोर बनाने के बाद भारत के हारने की संभावना काफी कम है। यह मैच जीतने या ड्रॉ रहने पर भारत टेस्ट सीरीज भी जीत लेगा।



# 41वें जन्मदिन से पहले लंदन पहुंचे महेंद्र सिंह धोनी, पत्नी साक्षी ने शेयर की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** धोनी का जन्मदिन सात जुलाई को होता है और इससे पहले वो इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। धोनी की पतनी साक्षी ने तस्वीर शेयर कर बताया है कि वो अपने पति के साथ लंदन आ चुकी हैं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इस बार इंग्लैंड में अपना जन्मदिन मना सकते हैं। उनकी पतनी साक्षी धोनी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फोटो शेयर की है। साक्षी ने बताया है कि महेंद्र सिंह धोनी उनके साथ इंग्लैंड पहुंच गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक धोनी यहीं अपना 41वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। धोनी फिलहाल अपने परिवार के साथ लंदन में हैं। धोनी का जन्मदिन सात जुलाई को होता है। ऐसे में वो टीम इंडिया के साथ भी अपना जन्मदिन मना सकते हैं। भारतीय खिलाड़ी भी फिलहाल इंग्लैंड में हैं और अधूरी टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच खेल रहे हैं। इसके बाद सात जुलाई से टी20 सीरीज की शुरुआत होनी है। इसी दिन धोनी का जन्मदिन है। पहले टी20 मैच में विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड.ियों को आराम दिया गया है। ऐसे में ये खिलाड़ी भी धोनी के जन्मदिन पर शामिल हो सकते हैं। हालांकि, टीम इंडिया में कोरोना के कई मामले सामने आने के बाद बीसीसीआई ने खिलाड.ियों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ऐसे में खिलाड़ी किसी भी पार्टी में शामिल होने से बच सकते हैं। वैद्य से इलाज कराते दिखे थे धोनी कुछ समय पहले ही धोनी को लेकर खबर आई थी कि वो रांची में एक वैद्य से अपना इलाज करा रहे हैं। धोनी रांची से 70 किलोमीटर दूर लांपुक के जंगली इलाके में वैद्य वंदन सिंह खेरवार से इलाज करा रहे हैं। करीब एक महीने से धोनी वहां जा रहे हैं और 40 रुपये में अपना इलाज करा रहे हैं। उन्हें दवा के 20 रुपये और फीस के रुप में 20 रुपये देने पड़ते हैं। धोनी एक महीने से हर चार दिन पर वहां जाते हैं और वैद्य वंदन सिंह खेरवार से जड़ी-बूटियां लेते हैं। वैद्य वंदन सिंह के मुताबिक, धोनी के माता-पिता भी उनके यहां आ चुके हैं। जब पहली बार धोनी उनके पास गए थे तो वह उन्हें पहचान नहीं पाए थे। लोगों ने उन्हें धोनी के बारे में बताया। वैद्य वंदन सिंह के मुताबिक, कैल्शियम की कमी कारण उनके दोनों घुटनों में दर्द है। उन्हें चलने में तकलीफ होती है। वह एक आम मरीज की तरह वहां जाते हैं तो खुद से 40 रुपये देकर इलाज करवाते हैं। पिछली बार 26 जून को धोनी उनके वैद्य के पास गए थे। धोनी ने साल 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद से वह सिर्फ आईपीएल में खेल रहे हैं। आईपीएल में वह चेनन्ई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हैं।



# न्यूजीलैंड के कप्तान कोरोना संक्रमित, टॉम लाथम को मिल सकती है टीम की कमान

**नई दिल्ली।** टॉम लाथम न्यूजीलैंड की टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उन्हें कप्तान बनाया जा सकता है। हालांकि, अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। न्यूजीलैंड की टीम को आयरलैंड दौरे से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान मिशेल सेंटनर कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर को नियमित कप्तान केन विलियम्सन की गैरमौजूदगी में टी20 टीम का कप्तान बनाया गया है। सेंटनर के कोरोना संक्रमित होने के बाद टॉम लाथम को न्यूजीलैंड टीम की कमान मिल सकती है। हालांकि, लाथम टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उनको मौका दिया जा सकता है। न्यूजीलैंड की टीम रविवार को वनडे और टी20 सीरीज खेलने के लिए आयरलैंड रवाना होने वाली थी, लेकिन सेंटनर के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद न्यूजीलैंड की टीम देरी से आयरलैंड के लिए रवाना होगी। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के मुख्य कोच शेन जुर्गेसन ने कहा कि आयरलैंड के खिलाफ छह मैचों के लिए सेंटनर की उपलब्धता तब तक निर्धारित नहीं की जाएगी जब तक कि वह कोविड से ठीक नहीं हो जाते और डबलिन नहीं आ जाते। जुर्गेसन ने कहा ठकोविड एक चुनौती रही है और भविष्य में भी बनी रहेगी और हम उसी के अनुसार अनुकूलन करेंगे, आकस्मिकताएं हमेशा बनी रहती हैं।ठ उन्होंने आगे कहा ठवह ठीक महसूस कर रहे हैं और हमारी प्राथमिकता यह है कि हम पहले उन्हें अपने साथ टीम में लाए। इसके बाद यह देखा जाएगा कि वह इस सप्ताह के अंत तक खेलने के लिए तैयार हैं या नहीं। हमें तीन दौरों में 11 मैच मिले हैं और अगस्त में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक और दौरा करना है, जिसमें सेंटनर शामिल होंगे, इसलिए हम निश्चित रूप से जल्दी नहीं करना चाहेंगे सेंटनर को आयरलैंड के खिलाफ के टी20 सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया है, जबकि अनुभवी टॉम लाथम तीन एकदिवसीय मैचों के दौरान कीवी टीम का नेतृत्व करेंगे। न्यूजीलैंड वनडे टीम टॉम लैथम, (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, डेन क्लीवर, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्टिन गुप्टिल, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिकर , विल यंग। न्यूजीलैंड टी20 टीम मिशेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेन क्लीवर, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्टिन गुप्टिल, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, माइकल रिपन, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिकर।



# कप्तान बुमराह ने दिखाया दम, रूट समेत इंग्लैंड के पांच बल्लेबाज आउट भारत अब भी 332 रन आगे


**नई दिल्ली।** कप्तान बुमराह ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी दम दिखाया। उन्होंने नाबाद 31 रन बनाए थे। उन्होंने सिराज के साथ मिलकर स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में 35 रन बटोरे थे। अब गेंदबाजी में वह अब तक तीन विकेट ले चुके हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे एजबेस्टन टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। दूसरे दिन इंग्लैंड की टीम ने अपनी पहली पारी में 27 ओवर में पांच विकेट पर 84 रन बना लिए हैं। फिलहाल जॉनी बेयरस्टो 12 रन बनाकर और कप्तान बेन स्टोक्स (0) नाबाद हैं। भारत ने पहली पारी में 416 रन बनाए थे। इस लिहाज से इंग्लैंड की टीम भारत से 332 रन पीछे है। मैच के दूसरा दिन भी बारिश से बाधित रहा। कई ओवर्स बारिश में धुल गए। रविवार को टीम इंडिया इंग्लैंड को जल्द से जल्द आउट कर बड़ी बढ़त हासिल करना चाहेगी। कप्तान बुमराह ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी दम दिखाया। उन्होंने नाबाद 31 रन बनाए थे। उन्होंने सिराज के साथ मिलकर स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में 35 रन बटोरे थे। अब गेंदबाजी में वह अब तक तीन विकेट ले चुके हैं। 416 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम की शुरुआत खराब रही। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड को शुरुआती तीन झटके दिए। उन्होंने एलेक्स लीस (6), जैक क्रॉली (9) और ओली पोप (10) को पवेलियन भेजा। जो रूट ने इसके बाद जॉनी बेयरस्टो के साथ मिलकर 34 रन की साझेदारी निभाई। रूट को मोहम्मद सिराज ने अपने पहले ही ओवर में पवेलियन भेजा। रूट 67 गेंदों पर 31 रन बनाकर आउट हुए। अपनी पारी में रूट ने चार चौके लगाए। नाइट वाचमैन जैक लीच शून्य पर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। फिलहाल बेयरस्टो 12 रन और कप्तान स्टोक्स बिना खाता खोले नाबाद हैं।भारत की पहली पारी 416 रन पर सिमट गई। जेम्स एंडरसन ने मोहम्मद सिराज को आउट करके भारतीय पारी खत्म की। सिराज ने छह गेंदों में दो रन बनाए। एंडरसन की गेंद पर स्टुअर्ट ब्रॉड ने उनका कैच पकड़ा। वहीं, कप्तान जसप्रीत बुमराह 16 गेंद में 31 रन की नाबाद पारी खेली। इंग्लैंड के लिए जेम्स एंडरसन ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में यह तीसरा मौका है, जब भारतीय टीम ने शुरुआती पांच विकेट 100 रन के अंदर खोने के बाद 400 से ज्यादा का स्कोर बनाया है। पहली बार 1983 में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चेनन्ई में 92 रन पर पांच विकेट खो दिए थे। इसके बावजूद भारत 451 रन बनाने में कामयाब रहा था।इसके बाद 2013 में भी वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की आधी टीम 83 रन पर पवेलियन लौट गई थी और अंत में भारत ने 453 रन बनाए थे। अब भारत ने 98 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद 416 रन बनाए हैं। हालांकि, यह पहला मौका है, जब विदेशी जमीन पर भारत ने पांच विकेट 100 रन के अंदर गंवाने के बाद 400 से ज्यादा का स्कोर बनाया है। पंत और जडेजा ने भारत को संभाला टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरुआत कुछ खास नहीं थी।



# जयपुर के बाद थाईलैंड में छुट्टियां मना रही हैं सारा तेंदुलकर, इस खास दोस्त के साथ आई नजर

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर इन दिनों सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। सारा पहले की तुलना में अब सोशल मीडिया पर ज्यादा सक्रिय रहती हैं। हाल ही में राजस्थान की खूबसूरती का दीदार करने वाली सारा इनदिनों थाईलैंड में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें भी शेयर की हैं। सारा थाईलैंड के कोह समुई के अलावा बैंकॉक में घूम रही हैं। सारा ने थाईलैंड से जो तस्वीर शेयर की है उसमें उनकी एक फ्रेंड भी दिखाई दे रही हैं। उनका नाम मेघना कौर है। मेघना के इंस्टाग्राम को देखने पर यह पता चला कि वह आर्टिस्ट है। उन्हें घूमने का शौक है। सारा बैंकॉक में स्ट्रीट फूड का आनंद लेती हुई दिखाई दीं। वह आईसक्रीम से लेकर तरह-तरह के व्यंजन का लुत्फ उठा रही हैं। सारा ने इंस्टाग्राम स्टोरी में कई फोटो शेयर किए हैं। इसके अलावा एक तस्वीर उन्होंने पोस्ट की है। सोशल मीडिया पर सारा का बहुत बड़ा फैन बेस है। यहां तक कि उनके लिए समर्पित कई फैन पेज भी हैं। सारा तेंदुलकर ने हाल ही में मॉडलिंग में डेब्यू किया है। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने अवतार में फोटो शेयर करती रहती हैं। सारा ने हाल ही में एक फोटो शेयर किया था जिसमें वो गुरुद्वारा में दिखाई दे रही थीं। इस दौरान सारा प्रसाद खा रही थीं। सारा ने हाल ही में एक लोकप्रिय कपड़ों के ब्रांड के लिए मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना पहला मॉडलिंग वीडियो सेयर किया था। उनके साथ अभिनेत्री बनिता संधू और तानिया श्रॉफ भी थीं। यह वीडियो कुछ ही समय में वायरल हो गया था। सारा अपनी फिटनेस पर खास ध्यान देती हैं। वो हमेशा जिम जाती हैं और कभी-कभी वहां की तस्वीरें भी शेयर करती हैं। सारा को घूमना काफी पसंद है। वो दुनिया भर में घूमती रहती हैं। उन्होंने फ्रांस, इंग्लैंड, इंडोनेशिया, दुबई सहित कई देशों के चक्कर लगाए हैं। आईपीएल 2022 के दौरान क्रिकेट प्रशंसकों को उम्मीद थी की सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को डेब्यू करने का मौका मिलेगा। हालांकि, यह संभव नहीं हो सका। अर्जुन की बहन सारा आईपीएल के कई मैचों के दौरान स्टेडियम में दिखाई दीं। उन्हें भी उम्मीद थी कि उनका भाई डेब्यू करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सारा हाल ही में पारंपिक अंदाज में दिखाई दी थीं। उन्होंने मराठी साड़ी पहनी थी और पारंपरिक तरीके से बिंदी और गहने पहनकर तैयार हुई थीं। सचिन का परिवार एक रिश्तेदार की शादी में शामिल हुआ था। इस शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गईं, जिनमें सारा बेहद खूबसूरत लग रही थीं।






# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई० एस० ओ० प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्र:** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: 30 जून 2022 है।
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# बचपन में यौन शोषण से लेकर अनचाही प्रेग्रेंसी तक, तमाम मुश्किलों से भरी थी कुब्रा की जिंदगी

**नई दिल्ली।** वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री कुब्रा सैत इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। एक के बाद एक उनकी जिंदगी के कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। बता दें कि कुब्रा अब सिर्फ अभिनेत्री नहीं हैं, बल्कि वह राइट भी बन चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी किताब 'ओपन बुकः नॉट क्वाइट ए मेमॉयर' लॉन्च की है। इसमें कुब्रा ने अपनी जिंदगी से जुड़े कई हैरान कर देने वाली बातें साझा की हैं। यह किताब साबित करती है कि एक कलाकार की जिंदगी उतनी आसान नहीं, जितनी दिखती है। ग्लैमर और चकाचौंध वाली दुनिया के पीछे का सच कुछ और है। कुछ वक्त पहले ही कुब्रा ने खुलासा किया था कि बचपन में उनका यौन शोषण किया गया था। उनके साथ किसी बाहरी शख्स ने ऐसा नहीं किया था, बल्कि उनकी पहचान के ही एक अंकल ने यह हरकत की थी। आज भी जब कुब्रा उन पलों को याद करती हैं, तो दिल सहम उठता है। इस बात का जिक्र करते हुए कुब्रा ने बताया था कि एक बार वह परिवार के साथ बेंगलुरू के एक रेस्टोरेंट में गई थीं। इस दौरान उन्हें वहां एक शख्स मिला, जो धीरे-धीरे उनकी फैमिली बन गया। बाहरी शख्स की परिवार से जान-पहचान हुई तो उसका आना-जाना अक्सर ही कुब्रा के घर होने लगा।




धीरे-धीरे वह परिवार का सदस्य बन गया। उसने परिवार से इतनी नजदीकियां बना लीं कि घर के हर-सुख का उसे पता होता। मगर, इस बीच एक वक्त ऐसा आया, जब उस शख्स ने कुब्रा और उनके परिवार की मजबूरियों का फायदा उठाया। उसने कुब्रा को मोलेस्ट करना शुरू कर दिया। कुब्रा के इस खुलासे ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अपनी हालिया लॉन्च किताब के जरिए कुब्रा ने अपनी जिंदगी के उस किस्से का भी जिक्र किया है, जिसमें वह 'वन नाइट स्टैंड' के दौरान प्रेग्रेंट हो गई थीं। कुब्रा के मुताबिक, 2013 में वह एक दोस्त संग अंडमान ट्रिप पर गई थीं। ड्रिंक करने के बाद एक्ट्रेस उसी दोस्त के साथ इंटीमेट हुईं और बाद में उनकी प्रेग्रेंसी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। 30 साल की उम्र में कुब्रा यह जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं थीं। इसलिए, उन्होंने अपना गर्भपात करा लिया। कुब्रा ने अपनी जिंदगी में आर्थिक परेशानी से लेकर यौन शोषण तक, सब झेला है। उनकी जिंदगी में एक ऐसा भी पल आया, जब उन्होंने अपने मम्मी-पापा के रिश्ते को बिखरता हुआ देखा। इतना सब होने के बावजूद वह आगे बढ़ती रहीं। सभी मुसीबतों का सामना करने के बाद कुब्रा ने अपना करियर संवारने का फैसला किया। बता दें कि कुब्रा सैत ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'रेडी' से की थी। इस फिल्म में उनका बेहद छोटा रोल था। इसके बाद उन्होंने 'जवानी जानेमन', 'सुल्तान', 'सिटी ऑफ लाइफ' जैसी फिल्मों में भी काम किया, लेकिन ओटीटी सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' से उन्हें सही मायनों में अलग पहचान मिली है।



# उदयपुर की घटना की निंदा करने पर रोडीज की एक्स कंटेस्टेंट को मिली धमकी

**नई दिल्ली।** एमटीवी के मशहूर रियलिटी शो 'रोडीज' की एक्स कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी इन दिनों सुखियों में बनी हुई हैं। दरअसल, निहारिका तिवारी को कन्हैयालाल की तरह जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। निहारिका ने उदयपुर में हुई घटना की निंदा करते हुए एक वीडियो शेयर किया था, जिसके बाद से ही उन्हें सोशल मीडिया पर धमकियां मिलनी शुरू हो गई हैं निहारिका तिवारी छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले की रहने वाली हैं और फिलहाल इंडोनेशिया में हैं। जब से निहारिका ने उदयपुर में कन्यैलाल की गला रेतकर की गई हत्या की निंदा करते हुए वीडियो शेयर किया है, उन्हें धमकियां मिलने का सिलसिला जारी हो गया है। कुछ लोग निहारिका का समर्थन कर रहे हैं, तो कुछ उन्हें भद्दे कमेंट्स के साथ कन्हैया जैसा हाल करने की धमकी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'अब तू उल्टी गिनती करना शुरू कर दे, अब तेरी बारी है।' रिपोर्ट्स के मुताबिक निहारिका का कहना है कि वह एक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हैं और ऐसे में वह किसी भी मुद्दे पर अपनी खुलकर राय रखती हैं। निहारिका ने कहा कि उदयपुर की घटना निंदनीय है। मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है और न ही नुपुर शर्मा का पक्ष लिया है। मैंने बस कन्हैयालाल की हत्या का विरोध किया है। बता दें कि उदयपुर में दर्जी कन्यैलाल की नुपुर शर्मा का समर्थन करने के चलते निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। वहीं, निहारिका तिवारी ने अपने वीडियो में कहा था कि हमारे प्रधानमंत्री को जान से मारने के धमकी दी जा रही है। क्या ये सही है? भगवान शिव के नाम पर हिंदू ने किसी का गला काट दिया हो, ऐसा कभी नहीं हुआ है। धर्म के नाम पर किसी की जान नहीं ली जा सकती।



# आर आर आर ने जीता इंटरनेशनल अवॉर्ड, रोडीज की पूर्व कंटेस्टेंट को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** मनोरंजन जगत में रोजाना कुछ नया और बड़ा होता ही रहता है। ऐसे में पल-पल की खबर रखना काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में हम आपके लिए लाए हैं एंटरटेनमेंट की खबरों का यह लाइव अपडेट, जिसके जरिए आप फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हर छोटी- बड़ी खबर से अपडेट रह सकते हैं। पढ़ें दिनभर होने वाली इन खबरों के बारे में सोशल मीडिया संसेशन उर्फी जावेद अस्कर इंटरनेट पर सुखियों में रहती हैं। एक्ट्रेस हाल ही में एक बार फिर चर्चाओं में हैं। खबरों के मुताबिक बीते दिनों उदयपुर हत्याकांड पर अपने विचार साझा करने के बाद ही उन्हें धमकियां मिल रही थी। इसी बीच अब उर्फी के सुसाइड की झूठी खबर तेजी से वायरल हो रही है। बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर इन दिनों लंदन में हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने इस वेकेशन की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वह बहन करीना कपूर और दोस्त मलाइका अरोड़ा को काफी मिस कर रही हैं।करण जौहर की फिल्म जुग जुग जियो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हाल ही में फिल्म ने 100 करोड़ का कारोबार कर लिया है। इस मौके पर करण जौहर ने पोस्ट शेयर कर खुशी जाहिर की। एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने अपने रिलीज के बाद से ही कई रिकॉर्ड कायम किए हैं। अपने रिकॉर्ड की इन सूची में फिल्म ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। हाल ही में जूनियर एनटीआर और रामचरण स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 100 दिन पूरे कर लिए हैं।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक्शन फिल्म करना चाहते हैं क्रिस प्रैट, बोले इनके बाइसेप्स तो देखो

**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा ने प्रैट को हर उस चीज के बारे में बताया जो शेरशाह को जितना संभव हो उतना प्रामाणिक बनाने के लिए की गई। वहीं, क्रिस प्रैट ने भी द टर्मिनल लिस्ट के लिए की गई तैयारी के बारे में बताया।



हॉलीवुड के जाने माने अभिनेता क्रिस प्रैट और बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा दोनों को ही दर्शक बहुत पसंद करते हैं। हाल ही में दोनों अभिनेताओं ने 'द टर्मिनल लिस्ट' के अमेजन प्राइम वीडियो पर लॉन्च के मौके पर एक बातचीत में हिस्सा लिया और अपनी फिल्म को लेकर बात की। जहां सिद्धार्थ ने 'शेरशाह' में कैप्टन विक्रम बत्रा की भूमिका निभाई थी, तो क्रिस पैट ने 'द टर्मिनल लिस्ट' में यूएस नेवी सील जेम्स रीस की भूमिका निभा रहे हैं। अमेजन प्राइम वीडियो पर शनिवार को एक नए वीडियो शेयर किया गया, जिसमें प्रैट और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सिद्धार्थ ने प्रैट को हर उस चीज के बारे में बताया जो 'शेरशाह' को जितना संभव हो उतना प्रामाणिक बनाने के लिए की गई। सिद्धार्थ ने 'शेरशाह' की कारगिल में शूटिंग और भारतीय सेना की वर्दी पहनते ही उन्हें जो जिम्मेदारी को महसूस हुई उसका भी अनुभव साझा किया। इसके साथ ही सिद्धार्थ ने क्रिस प्रैट से भी यह बताने के लिए कहा कि उन्होंने 'द टर्मिनल लिस्ट' के लिए कैसे तैयारी की इस बारे में बताए। क्रिस प्रैट न बताया कि 'द टर्मिनल लिस्ट' के लेखक जैक कैर नेवी सील रह चुके हैं। इसके साथ ही वह इस तरह की लड़ाइयों का भी हिस्सा रहे हैं। ऐसे में उन्होंने बड़े ही खूबसूरती से इस कहानी को गढ़ा है। उन्होंने बताया कि हमने सीरिया की सुरंगों में युद्ध दिखाने वाले पहले एपिसोड में नेवी क पूर्व अधिकारियों को कास्ट किया था। हमें उन्हें अभिनयक के तौर तरीकों के अलावा कुछ भी बताने की जरूरत नहीं पड़ी।

# एसएस राजामौली की फिल्म ने पूरे किए 100 दिन, जानिए अब तक की कमाई से लेकर रिकॉड्र्स तक सबकुछ

**नई दिल्ली।** एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने अपने रिलीज के बाद से ही कई रिकॉर्ड कायम किए हैं। अपने रिकॉर्ड की इन सूची में फिल्म ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। हाल ही में जूनियर एनटीआर और रामचरण स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इस फिल्म को ना सिर्फ साउथ में बल्कि पूरे देश और दुनिया में काफी पसंद किया था। अपनी इसी लोकप्रियता के चलते फिल्म ने यह नई उपलब्धि अपने नाम की है दुनियाभर में लगभग 1150 करोड़ का कलेक्शन करते हुए आरआरआर देश में चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। एनटीआर और राम चरण अपनी इस फिल्म की वजह से अभी भी न केवल भारत से, बल्कि पश्चिमी देशों से भी सराहना मिल रही है। फिल्म ने आज अपने 100 गौरवशाली दिन पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर आरआरआर के निर्माताओं ने फिल्म को मिले प्या के लिए सभी को धन्यवाद दिया। सिनेमाघरों के बाद जूनियर एनटीआर और राम चरण स्टारर यह फिल्म अब भी ओटीटी पर कमाल कर रही है। फिल्म की इस खास उपलब्धि के मौके पर जानते हैं फिल्म के अभ तक के सभी रिकॉर्ड्स के बारे में- इस पीरियड ड्रामा फिल्म ने पहले दिन ही



कई रिकॉर्ड तोड़े थे। अपनी रिलीज के पहले दिन 165.50 करोड़ की कमाई कर आरआरआर पहले दिन इतनी कमाई करने वाली देश की पहली फिल्म बन गई। फिल्म ने पहले अकेले आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 110 करोड़ का कारोबार किया था। साथ ही दुनिया भर में 240 करोड़ की कमाई करं देश की सबसे बड़ी ओपनर भी बन गई।शानदार ओपनिंग के बाद फिल्म ने अपनी रिलीज के तीन दिनों के भीतर ही 490 करोड़ का आंकड़ा छू लिया था। इस आंकड़े के साथ ही फिल्म द बैटमैन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए उस सप्ताहांत दुनिया में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई। आरआरआर ने अपने घरेलू बाजार में कमाई के रिकॉर्ड तोड़े थे। फिल्म ने बाहुबलीः द कन्क्लूजन को पछाड़कर यह अब तक की (आंध्र प्रदेश और तेलंगाना) की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का मुकाम हासिल किया था। फिल्म ने सिर्फ 10 दिनों में 311 करोड़ की कमाई थी पीके के लाइफटाइम कलेक्शन को पार करते हुए आरआरआर पांचवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनी। फिल्म के हिंदी संस्करण ने दुनिया भर में 832 करोड़ का कारोबार किया। इसके साथ ही आरआरआर महामारी के बाद दोहरा शतक लगाने वाली दूसरी हिंदी फिल्म बनी।फिल्म की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने अब तक पूरे देश में 772.1 करोड़ और दुनियाभर में 1111.7 करोड़ की कमाई कर ली है।

# अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते थे राजकुमार, पुलिस की नौकरी छोड़ बने थे एक्टर

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में 'जानी' के नाम से मशहूर अभिनेता राजकुमार की आज पुण्यतिथि है। 1996 में आज ही के दिन उनका कैंसर के चलते निधन हो गया था। 'रंगीली' फिल्म से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले राजकुमार अपनी बेहतरीन एक्टिंग, आवाज और बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते थे। वह पर्दे पर जितने बेबाक थे, उतने ही असल जिंदगी में मुंहफट भी थे। ऐसे में उन्हें इंडस्ट्री में कम ही लोग पसंद करते थे। तो चलिए आज इस दिग्गज अभिनेता की पुण्यतिथि पर आपको उनके जीवन से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें बताते हैं। राजकुमार का जन्म 8 अक्तूबर 1926 को बलूचिस्तान में हुआ था। उस वक्त उनका नाम कुलभूषण पंडित था, जिसे उन्होंने बाद में बदलकर राजकुमार कर लिया। 1947 में देश का बंटवारा हुआ था, तो उनका पूरा परिवार भारत आकर मुंबई में बस गया था। मुंबई में आकर



वह पुलिस की नौकरी करने लगे, जो उन्हें काफी पसंद थी। जिस थाने में वह थे वहां अक्सर फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का आना-जाना लगा रहता था। एक बार फिल्म निर्माता बलदेव दुबे उनसे मिले और उन्हें राजकुमार का बात करने का तरीका काफी पसंद आया। बलदेव दुबे ने राजकुमार को अपनी फिल्म का ऑफर दिया, तो उन्होंने तुरंत नौकरी से इस्तीफा दे दिया। राजकुमार का बोलने का अंदाज सभी को काफी पसंद था। ऐसे में उनकी फिल्मों में कई डायलॉग ऐसे हैं, जिन्हें आज भी लोग पसंद करते हैं। साल 1965 में आई फिल्म 'वक्त' का डायलॉग जिसमें उन्होंने कहा था, 'चिनॉय सेठ, जिनके अपने घर शीशे के हों वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंका करते', को लोग आज भी उतना ही पसंद करते हैं। राजकुमार को अपनी करियर में असल पहचान 'मदर इंडिया' फिल्म से मिली थी, जिसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। राजकुमार को गले का कैंसर हो गया था, जिस वजह से अपनी आवाज के लिए जाने जाने वाले अभिनेता की आवाज ही चली गई थी। उनकी इच्छा थी कि उनकी अंतिम यात्रा में बस उनके घर के लोग शामिल हों और हुआ भी ऐसा ही। जब उनका निधन हुआ, तो उनके अंतिम संस्कार के बाद ही मीडिया और फैंस को इस बात की सूचना दी गई थी।

# भारती सिंह की पहली हवाई यात्रा का दिलचस्प किस्सा, कपिल की कामयाबी ने दी मुंबई आने की हिम्मत

**नई दिल्ली।** 3 जुलाई 1984 को पंजाब के अमृतसर में जन्मी भारती सिंह 38 साल की हो चुकी हैं। आज कॉमेडी की दुनिया में भारती सिंह की अपनी एक अलग पहचान है। जिस मोटापे को लेकर लोग भारती सिंह का मजाक उड़ाया करते थे, उसी मोटापे से भारती सिंह ने ये साबित कर दिया कि टैलेंट शारीरिक बनावट का मोहताज नहीं होता है। हालांकि जब लोग उनके मोटापे को लेकर मजाक उड़ाया करते थे तो भारती को बहुत दुख होता था और वो रात भर रोया करती थीं। लेकिन भारती ने अपनी प्रतिभा सिर्फ कॉमेडी में ही नहीं दिखाई बल्कि उन्होंने ये साबित किया कि प्रतिभा की तुलना शरीर के मोटे या पतले होने से नहीं की जा सकती। बता दें कि एक अच्छी कॉमेडियन होने के साथ-साथ भारती एक शूटर भी रह चुकी हैं और उसमें गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। आइए जानते है भारती सिंह से जुड़े कुछ और दिलचस्प किस्से.. मीडियम क्लास फैमिली में लड़कियों को अकेले बाहर जाना अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसे में अगर होटल में किसी लडकी को अकेले किसी से मिलने जाना पड़े तो डर तो लगेगा ही। पहली बार जब 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैंपियन सीजन 4' के ऑडिशन के लिए भारती सिंह को होटल में बुलाया गया, तो उन्हें अकेले होटल में जाने से डर लग रहा। उन दिनों उनको ऑडिशन के बारे में



कुछ नहीं पता था। वह स्क्रीन टेस्ट के बारे में पहले सुन चुकी थी। बता दें कि ऑडिशन से पहले फिल्मों में काम पाने के लिए स्क्रीन टेस्ट देना पड़ता था, जो कि ऑडिशन जैसा ही होता था, लेकिन स्क्रीन टेस्ट की बदनामी बहुत हुई। लेकिन जब उनको बताया गया कि ऑडिशन में कई लोग रहते है इसलिए डरने की कोई जरूरत नहीं है। जब जाकर वह ऑडिशन देने के लिए तैयार हुई। भारती सिंह ने सोचा भी नहीं था कि वह कभी कॉमेडी क्वीन कहलाएंगी। भारती सिंह को लोग कॉमेडी शोज में लोग खूब बड़बड़ाते हुए देखते हैं। लेकिन बचपन में वह बहुत कम बात करती थी। उन दिनों अपने दोस्त से कभी कभार मजाक कर लेती थी, एक बार वह अपने दोस्त की मिमिक्री कर रही थी, तो दोस्तो ने सलाह दी कि उन्हें लाफ्टर चैंपियन में जाना चाहिए। उन दिनों लाफ्टर चैंपियन का बहुत ही क्रेज था उन्ही दिनों कपिल शर्मा भी 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैंपियन सीजन तीन' जीत कर गए थे। कपिल शर्मा भी उन्ही के शहर अमृतसर से ही हैं। जब अपने शहर का कोई बंदा कामयाब होता है, तो अपने अंदर भी आत्मविश्वास आ ही जाता है। ऊपर से जब दोस्तो उन्हें सलाह दिया तो उनको लगा कि एक बार कोशिश करने में हर्ज क्या है। भारती सिंह जब दो साल की थी, तभी उनके पिता का स्वर्गवास हो गया। उनकी मां ने ही भारती और उनके बड़े भाई और बहन की परवरिश अकेले की । उनका बचपन बहुत ही आर्थिक संकट में गुजारा। ऐसे में वह कभी फ्लाइट की यात्रा करेंगी, इसके बारे में कभी सोचा ही नहीं था। ऑडिशन के बाद भारती को अमृतसर से मुंबई फ्लाइट से बुलाया गया। वह पहली बार अपनी मां के साथ फ्लाइट से मुंबई आई।

# इन टीवी एक्ट्रेस की किस्मत में नहीं रहा प्यार, दूसरी शादी भी रही नाकामयाब

**नई दिल्ली।** आम इंसान हो या सेलेब्स हर कोई चाहता है कि उसकी शादीशुदा जिंदगी खुशहाल रहे, लेकिन हर किसी की किस्मत इतनी अच्छी नहीं होती है। कई बार घरेलु हिंसा तो कभी गलतफहमियों के चलते रिश्ते टूट जाते हैं, लेकिन टीवी की कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जिन्हें पहली शादी से तो दर्द मिला ही इसके साथ ही दूसरी शादी भी



नाकामयाब रही। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी का एक जाना-माना नाम हैं। वह काम के साथ ही अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी हमेशा चर्चा में रहती हैं। श्वेता ने साल 2007 में राजा चौधरी से तलाक लिया था और इसके बाद उन्होंने अभिनव कोहली संग शादी की। हालांकि यह शादी भी नहीं टिक पाई और दोनों लंबे समय से अलग रह रहे हैं। मामला यहां तक बिगड़ गया कि दोनों ने एक दूसरे के ऊपर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के आरोप भी लगाए है 'कुमकुम', 'कुबूल है' जैसे सीरियल्स में नजर आ चुकीं अभिनेत्री चाहत खनन कि किस्मत भी शादी के मामले में अच्छी नहीं रही। महज 20 साल की उम्र में एक्ट्रेस की साल 2006 में नरसिंघानिया से शादी हुई थी। हालांकि ये शादी सिर्फ 6 महीने में ही टूट गई। इसके बाद साल 2013 में चाहत की शादी कारोबारी फरहान मिर्जा से हुई लेकिन ये शादी भी कामयाब नहीं रही। सीरीयल 'वीर की अरदास वीरा' में रतन सिंह के किरदार से पहचान बनाने वाली सन्हो वाघ भी दो शादियां टूटने का दर्द झेल चुकी हैं। जब उनकी पहली शादी आविष्कार दार्वेकर से हुई थी तो वह महज 19 साल की थीं। जानकारी के मुताबिक, घरेलु हिंसा की वजह से उनका ये रिश्ता खत्म हो गया। इससे उबरने में उन्हें लंबा समय लगा और सात साल के बाद उन्होंने दोबारा शादी की लेकिन इस बार भी उनकी किस्मत इस मामले में अच्छी नहीं रही। अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल को टीवी से लेकर फिल्मों में भी देखा जा चुका है। प्रोफेशनल लाइफ में उन्होंने खूब नाम कमाया, लेकिन निजी जिंदगी इतनी अच्छी नहीं रही। एक्ट्रेस ने 1997 में पहली शादी जीत उपेंद्र से की थी लेकिन साल 2007 में उनका तलाक हो गया। इसके बाद अभिनेत्री ने साल 2012 में केशव अरोड़ा से शादी की, हालांकि चीजें सही नहीं रहीं और दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया।

# असल जिंदगी में बेरंग रही एक्शन हीरो की जिंदगी, नौ अफेयर्स और तीन शादियों के बाद भी अकेले हैं टॉम क्रूज

**नई दिल्ली।** टॉम क्रूज हॉलीवुड इंडस्ट्री का एक ऐसा नाम है, जिनके बिना इस इंडस्ट्री में एक्शन फिल्मों का अस्तित्व अधूरा सा लगता है। वह



हॉलीवुड के नामचीन कलाकारों में से एक हैं। आज यानी 3 जुलाई को सभी का पसंदीदा सितारा अपना 60वां जन्मदिन मना रहा है। टॉम क्रूज के फैंस देश-विदेश में फैले हैं, जो उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। उनकी प्रसिद्धी इतनी है, जितनी हमारे देश में शायद किसी भी अभिनेता की हो। इस विशाल इंडस्ट्री में टॉम क्रूज एक्शन का पर्याय बन चुके हैं। अक्सर पर्दे पर हैरतअंगेज और दमदार स्टंट करने वाले टॉम क्रूज को आपने हिचकोले खाते देखा होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं जितनी हैरतअंगेज टॉम की प्रोफेशनल लाइफ उतनी ही पर्सनल लाइफ भी रही है। हॉलीवुड में एक सफलतम हीरो की तरह जगह बनाने वाले टॉम क्रूज अपने निजी रिश्तों में बहुत असफल रहे हैं। जी हां, टॉम क्रूज की जिंदगी में कई लड़कियां आई और गई, लेकिन वह आज भी अकेले हैं। आज उनके जन्मदिन के मौके पर हम आपको उनके रिलेशनशिप्स के बारे में बताने जा रहे है टॉम क्रूज का क्रेज उनके फैंस के बीच हमेशा से ही जबरदस्त रहा है, लेकिन इन फैंस में लड़कियों की संख्या कुछ ज्यादा है। लड़कियों की इतनी तगड़ी फैन फॉलोइंग होने के बावजूद भी टॉम अपनी जिंदगी में एक सफल रिश्ता पाने में नाकाम रहे। तीन शादी और तीन बच्चों के होने के बाद भी आज वह अकेले हैं। सबसे पहले उनका नाम मेलिसा गिल्बर्ट के साथ चर्चा में आया था। टॉम ने 1980 में अपने संघर्ष के दिनों में गिल्बर्ट को डेट किया था। इस बात का खुलासा खुद मेलिसा ने साल 2014 में एक इंटरव्यू के दौरान किया था। मेलिसा के बाद टॉम की जिंदगी में साल 1981 में हीदर लॉकलियर ने दस्तक दी थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
**श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.**
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008- टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।
















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायों मे अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी०सी०ए०), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी० प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306060178, 9026359274